# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–193 । सागर, शुक्रवार, 1 सितंबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



रक्षाबंधन पर रक्तदान कर महिला की जान बचाई, दिया जीवनदान का उपहार — पृष्ठ 3

▪ आपातकालीन खाद्यान्न आपूर्ति के लिए भारत की ओर देख रहे हैं बांग्लादेश और नेपाल — पृष्ठ 4

▪ पटवारियों की कलमबंद हड़ताल से आमजन परेशान — पृष्ठ 6

हड़ताल पर बैठे पटवारियों से मिले विधायक अजय टंडन — पृष्ठ 7


## सार-समाचार

### जया वर्मा सिन्हा रेलवे की पहली महिला अध्यक्ष नियुक्त



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को जया वर्मा सिन्हा को भारतीय रेलवे की पहली महिला अध्यक्ष और सीईओ नियुक्त किया है। सरकार ने एक अधिसूचना में कहा, 'कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने जया वर्मा सिन्हा, सदस्य (संचालन और व्यवसाय विकास), को रेलवे बोर्ड अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद पर नियुक्ति को मंजूरी दी है। जया वर्मा सिन्हा 1 सितंबर या उसके बाद कार्यभार संभालेंगी और उनका कार्यकाल 31 अगस्त 2024 तक होगा।

### अरविंदर सिंह लवली बने दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता अरविंदर सिंह लवली को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने गुरुवार को बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उन्हें तत्काल प्रभाव से अध्यक्ष के रूप में अपना काम शुरू करने के लिए कहा है। पार्टी ने अब तक दिल्ली प्रदेश की कमान संभाल रहे श्री चौधरी अनिल कुमार के काम की तारीफ की और कहा कि उन्होंने पार्टी को मजबूत करने के लिए सराहनीय कदम उठाए हैं।

### पूर्व सैनिकों को रोजगार के लिए निजी क्षेत्र के साथ समझौता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेना से सेवानिवृत होने पर पूर्व सैनिकों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निजी क्षेत्र के साथ एक समझौता किया गया है। रक्षा मंत्रालय के पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के तहत आने वाले पुनर्वास महानिदेशालय ने मेसर्स जेनपैक्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य देश की सेवा में अपना जीवन लगाने वाले पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के वास्ते कॉर्पोरेट कंपनियों और पूर्व सैनिकों को एक साझा मंच पर लाना है।

### गुरुग्राम में नूंह में हिंसा का संदिग्ध गिरफ्तार

**गुरुग्राम, एजेंसी।** नूंह पुलिस की अपराध शाखा टीम ने 31 जुलाई को विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा के दौरान हुई नूंह हिंसा में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, गुप्त सूचना के बाद इंस्पेक्टर अमित के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुरुवार को नूंह के फिरोजपुर निवासी संदिग्ध वसीम उर्फ टीटा को पकड़ा है। संदिग्ध नूंह झंडा चौक, अडबर चौक, नलहर मंदिर रोड पर हुई हिंसा में शामिल था और 31 जुलाई को नूंह में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन पर भी हमला किया था। गुरुग्राम पुलिस के प्रवक्ता कृष्ण कुमार ने कहा कि पूछताछ में आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर वारदातों में शामिल होने की बात कबूल की। आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए आरोपी को पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

### माकपा विधायक को ईडी ने तलब किया

**कोच्चि, एजेंसी।** सीपीआई (एम) विधायक और केरल के पूर्व मंत्री ए.सी. मोइदीन द्वारा 31 अगस्त को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश होने में असमर्थता व्यक्त करने के एक दिन बाद, जांच एजेंसी ने उन्हें सोमवार को अपने कार्यालय में तलब करते हुए एक और नोटिस दिया। सूत्रों के मुताबिक, ईडी की जांच से पता चला है कि त्रिशूर में करुवन्नूर सर्विस कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड से 150 करोड़ रुपए की हेराफेरी की गई थी, जहां से मोइदीन ने कुछ साल पहले जिला पार्टी के सचिव के रूप में काम किया था। 22 अगस्त को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मोइदीन के त्रिशूर स्थित आवास पर छापेमारी की थी। दो दिन बाद उन्हें 31 अगस्त को जांच एजेंसी के कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया, लेकिन उन्होंने कुछ और दिन मांगे।

---

राहुल ने अडानी मामले पर प्रधानमंत्री मोदी से किए सवाल

# देश से बाहर भेजा गया 'एक अरब डॉलर' किसका

• राजीव रंजन श्रीवास्तव



**'जी-20' की बैठक से पहले यह मामला सामने आया है और यह देश की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ विषय है। यह साफ होना चाहिए कि 'देश से बाहर भेजा गया एक अरब डॉलर' किसका पैसा है : राहुल गाधी, कांग्रेस नेता**

▪ अडानी मामले की जांच जेपीसी से कराएं प्रधानमंत्री
▪ सीबीआई व ईडी अडानी से क्यों नहीं कर रही है पूछताछ

**मुंबई, देशबन्धु।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मुंबई में होने वाली विपक्षी गठबंधन की बैठक से पहले गौतम अडानी पर फिर बड़ा हमला बोला है। राहुल गांधी ने कहा कि अडानी के खिलाफ दुनिया के दो बड़े अखबारों ने खुलासा किया है। हम इस मामले को लेकर पहले भी सवाल उठा चुके हैं, लेकिन केंद्र सरकार इस तरफ ध्यान नहीं दे रही है। इस मामले में पूरा विपक्ष जेपीसी की मांग कर रहा है लेकिन पता नहीं क्यों सरकार यह जांच करा रही है। राहुल गांधी ने ग्रांड हयात होटल में संवाददाता सम्मेलन में दो वैश्विक फाइनेंशियल अखबारों में छपी खबरों के हवाले से आरोप लगाया है कि अडानी समूह ने देश का पैसा विदेश भेजकर उसके जरिए देश के शेयर बाजार को प्रभावित करके अत्यंत गंभीर आर्थिक अपराध किया है। 'जी-20' की बैठक से पहले यह मामला सामने आया है और यह देश की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ विषय है। राहुल गांधी ने कहा कि साफ होना चाहिए कि 'देश से बाहर भेजा गया एक अरब डॉलर' किसका पैसा है?

### यह एक बड़ा घोटाला है

उन्होंने कहा कि शेयर बाजार से खिलवाड़ करने के काम में दो विदेशी नागरिक शामिल रहे हैं जिनमें एक चीन का रहने वाला व्यक्ति भी है। यह देश की जनता का पैसा था जिसका इस्तेमाल विदेश से शेयर बाजार को प्रभावित करने के लिए किया गया है। कांग्रेस नेता ने इसे बड़ा घोटाला बताया। राहुल गांधी ने सवाल किया कि सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी एजेंसियां गौतम अडानी से पूछताछ क्यों नहीं कर रही हैं? भारत जैसे देश के लिए बहुत जरूरी है कि हमारे आर्थिक माहौल में पारदर्शिता और व्यापार में समान अवसर हों। दो प्रमुख वैश्विक अखबारों ने महत्वपूर्ण सवाल उठाए हैं...। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को खुद को पाक-साफ साबित करना चाहिए। जेपीसी गठित होनी चाहिए। कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि आखिर प्रधानमंत्री मोदी अडाणी समूह के खिलाफ लगे आरोपों की जांच क्यों नहीं होने दे रहे हैं?

### जांच करने वाले कर्मचारी बन गए

उन्होंने दावा किया कि सेबी की जांच में अडानी समूह को क्लीनचिट दे दी गई और ऐसा करने वाले व्यक्ति फिर अडानी समूह के ही कर्मचारी बन गए। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मुंबई में कहा कि जांच हुई, सेबी को सबूत दिए गए और सेबी ने गौतम अडानी को क्लीन चिट दे दी। इससे साफ है कि यहां कुछ गड़बड़ है। भारत जैसी अर्थव्यवस्था में इस सज्जन को मुफ्त यात्रा क्यों दी जा रही है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पूछा कि पहला सवाल यह उठता है कि ये किसका पैसा है? ये अडानी का पैसा है या किसी और का है? इसके पीछे के मास्टरमाइंड विनोद अडानी नामक एक सज्जन हैं जो गौतम अडानी के भाई हैं। पैसे की इस हेरा-फेरी में दो अन्य लोग भी शामिल हैं। एक सज्जन हैं जिनका नाम नासिर अली शाबान अहली है और दूसरे एक चीनी सज्जन हैं जिनका नाम चांग चुंग लिंग है। तो, दूसरा सवाल उठता है कि इन दो विदेशी नागरिकों को उन कंपनियों में से एक के मूल्यांकन के साथ खेलने की अनुमति क्यों दी जा रही है जो लगभग सभी भारतीय बुनियादी ढांचे को नियंत्रित करती है।

### इस तरह गर्माया मामला

दरअसल 'ऑर्गेनाइजड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट' (ओसीसीआरपी) ने अडानी समूह पर निशाना साधते हुए गुरुवार को आरोप लगाया कि उसके प्रवर्तक परिवार के साझेदारों से जुड़ी विदेशी इकाइयों के जरिए अडानी समूह के शेयरों में करोड़ों डॉलर का निवेश किया गया। अडानी समूह ने इन सभी आरोपों को खारिज किया है।

### राहुल के नेतृत्व की ओर देख रहा है देश



**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने गुरुवार को कहा कि देश ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व को स्वीकार कर लिया है और उनकी ओर देख रहा है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने जनता के बीच गहरी छाप छोड़ी है और वह पश्चिम-पूर्व दिशा में इसी तरह की एक और यात्रा शुरू करेंगे। राउत ने कहा, देश ने उन्हें एक गैर-विवादास्पद, सक्षम नेता के रूप में स्वीकार किया है। लोग राहुल गांधी से प्यार करते हैं, वे उनके नेतृत्व में काम करना चाहते हैं।' हालाकि, उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि सभी राष्ट्रीय विपक्षी दल एक साथ बैठेंगे और कुछ दलों के बीच मतभेदों को समाप्त करने के सभी पहलुओं पर चर्चा करेंगे।

### आज तैयार होगा 'इंडिया' का रोडमैप

**मुंबई, एजेंसी।** एक सितंबर को यहां होने वाली विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की तीसरी बैठक के लिए मंच तैयार है। 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए रणनीति और रोड-मैप तैयार करने के लिए मुख्य सम्मेलन आज आयोजित किया जाएगा। शुक्रवार को 28 विपक्षी दल सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच विचार-विमर्श में भाग लेंगे। इन पार्टियों के लगभग 100 नेता, जिनमें 11 मुख्यमंत्री और अन्य शीर्ष पदाधिकारी शामिल हैं। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी, राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, रालोद नेता जयंत चौधरी और अन्य लोग मुंबई पहुंच चुके हैं। शाम को शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष और पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे द्वारा आयोजित रात्रिभोज का आयोजन किका गया।

---

## सरकार ने बुलाया संसद का विशेष सत्र



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूरी तरह चुनावी मूड में आ चुकी केंद्र की मोदी सरकार ने पांच दिन का एक विशेष सत्र बुलाकर सबको चौका दिया है। 18 सितम्बर से 22 सितम्बर तक चलने वाले इस खास सत्र में पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों व अगले साल के लोकसभा चुनाव को देखते हुए कुछ महत्वपूर्ण विधेयक पारित कराए जा सकते हैं।

▪ 18 से 22 सितम्बर के बीच होंगी पांच बैठकें
▪ कुछ महत्वपूर्ण विधेयक कराए जा सकते हैं पारित

संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट लिखकर यह जानकारी दी। पांच दिन तक चलने वाला यह विशेष सत्र संसद के नए भवन में आयोजित किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान तकरीबन एक दर्जन विधेयक पेश किए जा सकते हैं। बताया गया कि इन विधेयकों को पारित कराने के लिए ही यह खास सत्र आहूत किया गया है। जोशी ने अपने पोस्ट में लिखा, 'अमृत काल के बीच संसद में सार्थक चर्चा और बहस का इंतजार कर रहा हूं।

---

इसरो ने एक वीडियो किया पोस्ट

## चंदा मामा पर अठखेलियां कर रहा प्रज्ञान



**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा है कि प्रज्ञान रोवर चंदा मामा पर अठखेलियां कर रहा है। इसरो ने हाल ही में सुरक्षित नेविगेशन मार्ग के लिए चंद्रमा रोवर को घुमाया। इस गतिविधि को चंद्रमा लैंडर पर एक कैमरे द्वारा कैद किया गया और इसरो को भेज दिया गया।

इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया है। कैप्शन में लिखा, प्रज्ञान रोवर चंदा मामा पर अठखेलियां कर रहा है। लैंडर विक्रम उसे (प्रज्ञान को) ऐसे देख रहा है, ऐसा महसूस होता है मानो जैसे कोई मां अपने बच्चे को खेलते हुए प्यार से देखती है। आपको ऐसा नहीं लगता? इसरो के अनुसार, प्रज्ञान ने चांद पर दूसरी बार सल्फर (एस) की पुष्टि की है। अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोस्कोप (एपीएक्सएस) ने सल्फर के साथ ही अन्य छोटे तत्वों का पता लगाया है। इसरो ने कहा कि वैज्ञानिक अब इस बात खोज कर रहे हैं कि चांद पर सल्फर कहां से आया- आंतरिक, ज्वालामुखीय घटना से या किसी उल्कापिंड से? हाल ही में इसरो ने कहा था कि रोवर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास ऑक्सीजन, एल्यूमीनियम, सल्फर और अन्य सामग्रियों की मौजूदगी मिली है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि हाइड्रोजन की मौजूदगी के संबंध में जांच चल रही है।

---

राज्य मंत्रिपरिषद ने कई प्रस्तावों को दी मंजूरी

# सावन के महीने में खरीदा सिलेंडर साढ़े 4 सौ का मिलेगा, बढ़े हुए बिजली बिल स्थगित

### मेधावी विद्यार्थी योजना की वार्षिक आय सीमा को 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख रुपए

**भोपाल, देशबन्धु।** सावन के महीने में खरीदा गैस सिलेंडर साढ़े 4 सौ का मिलेगा। बढ़े हुए बिजली बिल स्थगित कर दिए गए है। हाल ही में मुख्यमंत्री ने इसकी घोषणा की थी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद् की बैठक में इन प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है।

बैठक के बाद गृह मंत्री और सरकार के प्रवक्ता डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की कनेक्शनधारी महिलाओं को सावन माह में 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने के प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद ने मंजूरी दे दी गई। उन्होंने बताया कि सावन के माह के सिलेंडर की राशि की प्रतिपूर्ति डीबीटी के जरिए महिलाओं के अकाउंट में की स्थानांतरित की जाएगी। सिलेंडर लेने वाली बहनों के



आधार से लिंक खाते में लगभग 5 सौ रुपए प्रति रिफिल के मान से राशि का भुगतान किया जाएगा। डॉ. मिश्रा ने बताया कि बैठक में 31 अगस्त तक के बिजली के बढ़े हुए सभी बिल स्थगित किए जाने का निर्णय भी लिया गया। मेधावी विद्यार्थी योजना की वार्षिक आय सीमा को 6 लाख रुपए से बढ़ाकर 8 लाख रुपए करने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ। उन्होंने बताया कि मंत्रिपरिषद् ने आशा कार्यकर्ताओं की प्रोत्साहन राशि को 2 हजार रुपए से बढ़ाकर 6 हजार रुपए करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करने के साथ ही हर साल 1 हजार रुपए की बढ़ोतरी को भी मंजूरी दी है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि शहरी आशा पर्यवेक्षकों की सेवानिवृत्ति पर दी जाने वाली राशि को 20 हजार रुपए से बढ़ाकर 1 लाख रुपए करने को स्वीकृति प्रदान की गई है।

### इन प्रस्तावों पर भी लगी मोहर

- प्रदेश में खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तर्ज पर 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक युवाओं के लिए संभाग स्तरीय, ज़िला स्तरीय राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराने का प्रस्ताव स्वीकृत।
- पश्चिम भोपाल बाइपास में के प्रस्ताव को हरी झंडी मिली। इसके तहत 298165 करोड़ की लागत से 40.90 किमी रोड का निर्माण किया जाएगा।
- गुर्जर कल्याण के लिए देव नारायण बोर्ड के गठन को मिली स्वीकृति।
- बैगा भारिया और सहरिया जनजाति के लिए लाड़ली बहना योजना का लाभ देने का निर्णय।
- सतपुड़ा भवन के उन्नयन के लिए 167.59 करोड़ की स्वीकृति दी गई।
- बैठक में रतलाम के सैलाना और छतरपुर के लवकुश नगर में दो नवीन समूह नल-जल योजनाएं मंजूर।

---

## भाजपा विधायक ने छोड़ी पार्टी, सिंधिया समर्थकों पर लगाए आरोप



**शिवपुरी, देशबन्धु।** कोलारस विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक वीरेन्द्र सिंह ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही उन्होंने ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित पार्टी से कई जुड़े लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के को दिए इस्तीफे में उन्होंने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक मंत्रियों और नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने लिखा कि जानबूझकर भ्रष्ट अधिकारियों को उनके विधानसभा क्षेत्र में नियुक्त किया जाता है, जिससे उनके काम में रुकावट पैदा हो।

श्री रघुवंशी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि वह कुछ दिनों से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह सहित शीर्ष नेतृत्व को इस बात से अवगत करा रहे थे, लेकिन इस बात को गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने पार्टी छोड़ते समय यह भी आरोप लगाया कि ग्वालियर-चंबल संभाग में भाजपा में नए आए भाजपा के सदस्यों द्वारा उनके जैसे पार्टी कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया जा रहा था। उन्होंने बीते 2014 और 2019 में लोकसभा चुनावों में पार्टी के लिए पूरी निष्ठा समर्पित भाव से काम किया था। विधायक श्री रघुवंशी ने का यह भी आरोप टीम सिंधिया पर लगाया कि है कि पहले वह किसानों की कर्ज माफी की बात करते थे लेकिन भाजपा सरकार बनने के बाद सिंधिया ने कर्ज माफी के बारे में बात तक करने को तैयार नहीं है।

### कांग्रेस में जाने की अटकलें

विधायक श्री रघुवंशी के भाजपा से इस्तीफा देने के साथ ही उनकी कांग्रेस में जाने की अटकलें तेज हो गई हैं। बताया जा रहा है कि वह 2 सितम्बर को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ व प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला की मौजूदगी में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

---

## असम में बाढ़ से हालात बिगड़े, 3.4 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित

**गुवाहाटी, एजेंसी।** ब्रह्मपुत्र और अन्य प्रमुख नदियों के बढ़ते जल स्तर के साथ असम में बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई है, जिससे राज्य के 22 जिलों में 3.4 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, माजुली सबसे गंभीर रूप से प्रभावित जिला है, जहां 65,035 लोग ताजा बाढ़ से प्रभावित हुए हैं।

इसके बाद गोलपारा और मोरीगांव जिलों में बाढ़ का असर दिख रहा है। कुल 1,308 लोगों ने 153 राहत शिविरों में शरण ली है, जबकि जिला प्रशासन 150 नामित केंद्रों के माध्यम से राहत वितरित कर रहा है। वन विभाग की एक अधिसूचना के अनुसार, ओरंग नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व के 44 कैंपग्राउंड में से 13 और पोबितोरा वन्यजीव अभयारण्य में 10 कैंपर जलमग्न हो गए हैं। दरांग, धुबरी, गोलाघाट, जोरहाट, कामरूप मेट्रो, करीमगंज, माजुली, मोरीगांव और उदलगुरी जिलों में 33 सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं। दरांग में एक तटबंध टूट गया है, जबकि उदलगुरी में दूसरा नष्ट हो गया है। बारपेटा, बिश्वनाथ, बोंगाईगांव, डिब्रूगढ़, माजुली, नलबाड़ी, सोनितपुर, तिनसुकिया और उदलगुरी में बड़े पैमाने पर कटाव हुआ। हालाँकि, बाढ़ के परिणामस्वरूप किसी के जान जाने की कोई ताजा घटना नहीं हुई है।

---

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा

# जम्मू-कश्मीर में चुनाव के लिए हैं तैयार

### पूर्ण राज्य बहाल करने में लगेगा कुछ समय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय के समक्ष केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में वह किसी भी समय चुनाव कराने को तैयार है, लेकिन पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए कोई निश्चित समय सीमा नहीं बता सकती। पूर्ण राज्य बहाल करने में कुछ समय लगेगा।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एस के कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के इस बयान को रिकॉर्ड पर लिया, लेकिन स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की संवैधानिक वैधता को चुनौती



देने वाली याचिकाओं पर योग्यताओं के आधार पर निर्णय लिया जाएगा। श्री मेहता ने जम्मू-कश्मीर के लिए पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने पर एक निश्चित समय सीमा बताने से परहेज किया। उन्होंने वहां निवेश, रोजगार और पर्यटकों की संख्या बढ़ने सहित विकास के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में अदालत को बताया।

### मतदाता सूची पर हो रहा काम

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 29 अगस्त को केंद्र सरकार को आधिकारिक बयान देने के लिए कहा था। शीर्ष अदालत द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए श्री मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार अब किसी भी समय जम्मू-कश्मीर में चुनाव के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को अपडेट करने का काम चल रहा है। इस दिशा में काफी काम पूरा हो चुका है। अंतिम फैसला चुनाव आयोग और राज्य चुनाव पैनल को लेना है।

### जल्द ही पंचायत चुनाव होंगे

श्री मेहता ने कहा कि जिला विकास परिषद के चुनाव पहले ही हो चुके हैं और अब जल्द ही पंचायत चुनाव होंगे। लेह हिल डेवलपमेंट काउंसिल के चुनाव खत्म हो गए हैं और कारगिल के चुनाव सितंबर में होंगे। इन चुनावों के बाद नगर पालिका चुनाव होंगे और फिर विधान सभा के चुनाव होंगे।

## नपा अध्यक्ष के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का उपयोग करने पर कांग्रेस नेता पर एफआईआर दर्ज




**बीना, देशबन्धु।** अंबेडकर तिराहा पर सार्वजनिक सभा में अपमानजनक शब्दों का उपयोग करने को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कांग्रेस नेता पर मामला दर्ज किया है। लता सकवार ने शिकायत में बताया कि बुधवार को बीना के अंबेडकर तिराहे पर कांग्रेस पार्टी ने खुरई के बरोदिया नोनागिर गांव में हुई घटना को लेकर सभा का आयोजन किया था। जिसमें राजा माधव राय ने सार्वजनिक मंच से नगर पालिका अध्यक्ष पर अपमानजनक और अनादर करने की मंशा से अमर्यादित शब्दों का उपयोग किया था। जिससे मेरे सम्मान में ठेस पहुंची है। नगर पालिका अध्यक्ष होने के नाते मेरा जनता में मान सम्मान है। ऐसी अमर्यादित भाषा बोलने से मुझे व्यक्तिगत पीड़ा पहुंची है। इसी बात को लेकर गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष ने अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने खिरिया वार्ड निवासी राजा माधव राय पर धारा 504 और 509 के तहत मामला दर्ज किया है।

## विधायक ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर शोक व्यक्त किया

**मकरोनिया, देशबन्धु।** ग्राम पटकुई निवासी आशाराम कुशवाहा की बेटी नित्या उम्र 6 वर्ष का निधन के बाद पीड़ित परिवार एवं ग्राम वासियों द्वारा बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के डाक्टरों की लापरवाही के कारण नित्या की मौत हुई है। डाक्टरों द्वारा लगाये गये इंजेक्शन के कारण मौत का कारण बना है जिसकी जांच की मांग की गई है। श्री लारिया ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया एवं पूरे प्रकरण की जांच के लिये कमिश्नर, कलेक्टर एवं एसडीएम से शीघ्र जांच कराये जाने के संबंध में चर्चा की।

## रक्षाबंधन पर बहिन से राखी बंधवाने जा रहे भाई की मौत, दूसरा भाई घायल

**शाहगढ़, देशबन्धु।** राखी बंधवाने के लिए बहन के घर टीकमगढ़ जा भाई की सड़क हादसे में मौत हो गई जबकि दूसरा भाई घायल हो गया। जानकारी अनुसार सागर के बाहुबली कालोनी निवासी अनिल जैन अपने भाई कमलेश को साथ लेकर बाइक से टीकमगढ़ अपनी बहिन के घर रक्षाबंधन पर राखी बंधवाने निकले थे लेकिन शाहगढ़ के पास सिमरिया गांव में सड़क पर अचानक आए कुत्तों से इनकी बाइक टकरा कर अनियंत्रित होकर गिर गई और घटना में कमलेश जैन को गंभीर हालत में इलाज के लिए एम्बुलेंस से शाहगढ़ अस्पताल लाया गया जहां से सागर रेफर कर दिया गया लेकिन बीच रास्ते में कर्रापुर के पास कमलेश ने दम तोड़ दिया। घटना बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे टीकमगढ़ मार्ग की है जिसमें शाहगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज लिया है। सागर के बाहुबली कालोनी निवासी अनिल अपने भाई कमलेश जैन को साथ लेकर बाइक से टीकमगढ़ में अपनी बहन के यहां राखी बंधवाने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान शाहगढ़ सिमरिया गांव के पास कुत्तों के झुंड ने बाइक को जोरदार टक्कर मारी तो दोनों भाई मौके पर गिर पड़े, शाहगढ़ प्राथमिक उपचार उपरांत एम्बुलेंस से सागर जाते समय कमलेश की कर्रापुर के पास मौत हो गई। वहीं घायल अवस्था में दूसरा भाई अनिल को भी सागर रेफर कर दिया गया। शाहगढ़ पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर प्रकरण की जांच कर रही है। मृतक अपनी बहन के यहां राखी बंधवाने के लिए जा रहे थे।

## फोरलेन सड़क पर गड्ढ़े और पशुओं से वाहन चालक परेशान, बन रहे हादसों का सबब



**मालथौन, देशबन्धु।** फोरलेन सड़क पर गड्ढ़े और आवारा जानवरों से वाहन चालक परेशान हैं हादसों के सबब बन रहे हैं सागर ललितपुर मार्ग पर अवरोधक बने हुए हैं। एन 44 ललितपुर सागर, लखनादौन सड़क के मालथौन से सागर तक कि दूरी में जगह जगह गड्ढ़े और मवेशियों का जमावड़ा लगा हुआ है यू कहे कि गड्ढ़े में सड़क एसड़क में गड्ढ़े इस तरह, बसूली वाली रोड की हालत है टोल बसूली तो पूरी उगाही जा रही है लेकिन बदहाल सड़क का सफर करने को मजबूर हैं। टोल प्लाजा के आसपास की फोर लेन सड़क पर बड़े-बड़े जनलेवा गढ्डों की कतार लगी हुई मालथौन से अटा कर्नेलगढ़ की दूरी महज किलोमीटर है इसके बीच स्थित टोल प्लाजा बसूली का केंद्र स्थापित हैं दोनो और कि सड़क में सैकड़ो गड्ढ़े हो गए है जिनमे कई बड़े बड़े खतरनाक गड्ढ़े जनलेवा साबित हो रहे है ये गड्ढ़े मुसाफिरों की कमर के साथ वाहनों के कलपुर्जे तोड़ रहे हैं विगत दो माह से सड़क पर बदहाल बनी हुई लेकिन एनएचआई के अधिकारी अथॉरिटी नदारद है सड़क समस्या से बेखबर है सुध नही ले रहे हैं। बाइक चालक अर्पित कुमार ने बताया कि मालथौन से टोल प्लाजा अमझरा घाटी तक सड़क में बीचो बीच कई जगह बड़े बड़े गड्ढ़े हैं। ट्रक चालक सुमेर ने बताया कि सड़क में कई जगह बैठे आवारा पशु बैठे होने से कॉफी परेशानी हो रही हैं। अचानक सामने आ जाने से हादसों का कारण बनते हैं। आरटीओ चेक पोस्ट के पास फोरलेन सड़क पर बड़े बड़े आकार के गड्ढ़े वाहन चालको को मुसीबत बनें हुए है।

# मांगे मानी झुका प्रशासन, भूख हड़ताल समाप्त

### धरना स्थल पर पहुंचे संदीप जैन, गोपाल भार्गव की कराई ग्रामीणों की बात



**देवरीकलां, देशबन्धु।** देवरी विधानसभा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खमरिया टपरिया टोला मैं लगभग 100 लोगों ने 4 दिन से लगातार धरना देकर भूख हड़ताल जारी रखी। जिसका असर हुआ और देवरी समाजसेवी संदीप बबलू जैन सिनेमा थाना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ भूख हड़ताल पर बैठ गये। इसके बाद वहां देवरी के आला अधिकारी पहुंच गए। तहसीलदार प्रीति रानी चौरसिया ने समझाईश दी कि धरना समाप्त करें। आरईएस द्वारा डीपीआर बनाकर भेज दिया गया है सड़क निर्माण अतिशीघ्र शुरू किया जाएगा। रोड जल्द ही बनाया जाएगा। ग्रामीणों की मांग थी कि अगर ग्राम में सड़क नहीं होगी तो ना वह भाजपा में वोट देंगे, ना ही कांग्रेस में वोट देंगे। इसके बाद संदीप जैन सिनेमा वालों ने पीडब्ल्यूडी मंत्री गोपाल भार्गव से ग्रामीणों की बात कराई, गोपाल भार्गव ने तत्काल आरईएस अधिकारियों को फोन लगाकर रोड निर्माण करने की बात कही, अधिकारियों ने एक हफ्ता के अंदर रोड निर्माण कार्य प्रारंभ होगा, मंत्री भार्गव के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया। धरना समाप्ति के बाद समाजसेवी संदीप जैन ने ग्राम की महिलाओं को अपनी बहन बनाकर राखी बंधवाई एवं रक्षाबंधन के अवसर पर उपहार स्वरूप साड़ी भेंट की। उपस्थित ग्रामीण जनों ने मंत्री गोपाल भार्गव, संदीप जैन, महेश पाठक, एसडीओपी देवरी, तहसीलदार प्रीति रानी चौरसिया, थाना प्रभारी मीनेस भदोरिया महाराजपुर को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष व ग्राम प्रधान ने नौनिहालों के साथ मनाया रक्षाबंधन



**केसली, देशबन्धु।** विकासखंड केसली के ग्राम कुलडौंगरी में कांग्रेस कमेटी ब्लाक अध्यक्ष अनिरूद्ध सिंह पहुंचे रक्षाबंधन के पावन पर्व पर आदिवासी समुदाय के नन्हे नौनिहालों के बीच त्यौहार मनाने जहां नन्हे मुन्ने भाई बहनों ने अनिरूद्ध सिंह की कलाई पर राखी बांधकर रक्षाबंधन पावन पर्व के उपलक्ष्य में भाई वहन के पवित्र रिश्तों को मजबूत बनाते हुए सहृदय पूर्ण संदेश दिया वहीं रक्षाबंधन के पावन पर्व पर एकत्रित हुए बुजुर्ग माता बहनों ने शासन द्वारा संचालित लाड़ली बहनों योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित वृद्धापेंशन आदि अन्य योजना से वंचित ग्रामीणों ने कहा कि हम सभी को रक्षाबंधन पर राखी बांधने के उपलक्ष्य में वंचित योजना का लाभ दिलाने का संकल्प लें तत्पश्चात ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ने शासन की योजनाओं के हक अधिकार का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया साथ ही रक्षाबंधन पावन पर्व पर स्नेह आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच करूं सिंह आदिवासी पं. घनश्याम तिवारी पंकज राय सहित सभी ग्रामीणों का आर्शीवाद प्राप्त कर मुंह मीठा करवाया।

## रितिल एजेंसी पर 30 हजार का जुर्माना, पुराना स्कूटर नया बताकर ग्राहक को बेचा

**सागर, देशबन्धु।** नया स्कूटर बताकर पुराना बेचने वाले रितिल एजेंसी के संचालक पर जिला उपभोक्ता फोरम ने जुर्माना लगाया है। साथ ही परिवाद व्यय की राशि का भुगतान करने का आदेश दिया है। दरअसल परिवादी दिलीप कुमार जैन निवासी झंडा चौक गोपालगंज ने जिला उपभोक्ता फोरम में मुख्य प्रबंधक वेस्पा स्कूटर निर्माता कंपनी और प्रोपराइटर व डीलर रितिल एजेंसी वेस्पा स्कूटर्स के अधिकृत डीलर, विक्रेता भगवानगंज वार्ड गुरुद्वारे के सामने सागर के खिलाफ परिवाद पेश किया था। परिवादी दिलीप जैन ने परिवाद में बताया कि भगवानगंज स्थित प्रोपराइटर व डीलर रितिल एजेंसी वेस्पा स्कूटर्स के अधिकृत डीलर से नया वेस्पा स्कूटर वाहन 9 नवंबर 2020 को आरटीओ व अन्य भुगतान के लिए कुल 96 हजार 735 रुपए में खरीदा था। जिसमें स्कूटर की कीमत 92 हजार 035 रुपए और अन्य व्यय 4700 रुपए था। अनावेदक ने बिल जारी किया था। जिसमें स्कूटर का चेसिस नंबर और इंजन नंबर लिखा है। वाहन खरीदते समय एजेंसी से कहा गया कि आरटीओ से रजिस्ट्रेशन आने के बाद परिवादी को दिया जाएगा। लेकिन परिवादी के बार-बार कहने पर भी वाहन के पंजीयन संबंधी दस्तावेज नहीं दिलाए गए। परिवादी को शक हुआ तो उसने आरटीओ जाकर वाहन के संबंध में जानकारी निकाली। आरटीओ से मिली जानकारी में पता चला कि उक्त स्कूटर पहले से 31 मई 2020 को किसी सुमन नाम की महिला को बेचा गया है। डीलर ने नया वाहन बताकर धोखा कर पुराना स्कूटर बेचा था। जिस पर परिवादी ने एजेंसी पहुंचकर वाहन बदलने का बोला। जिस पर एजेंसी संचालक ने कहा कि स्कूटर नाम से दर्ज करा देता हूं। बाद में कहा कि स्कूटर वापस नहीं होगा। आपको जो करना है कर लो। परेशान होकर परिवादी ने जिला उपभोक्ता फोरम में परिवाद पेश की। परिवादी की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता पवन नन्होरिया ने बताया कि परिवाद पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष ऋषभ कुमार सिंघई, सदस्य अनुभा वर्मा, राजेश कुमार ताम्रकार ने फैसला सुनाया। उन्होंने फैसले में मुख्य प्रबंधक वेस्पा स्कूटर निर्माता कंपनी के खिलाफ परिवाद निरस्त कर दी।

वहीं अनावेदक क्रमांक.2 प्रोपराइटर व डीलर रितिल एजेंसी वेस्पा स्कूटर्स के अधिकृत डीलर, विक्रेता भगवानगंज वार्ड गुरुद्वारे के सामने सागर के संबंध में आदेश दिया कि परिवादी के प्रति सेवा में कमी के मद में 30 हजार रुपए भुगतान करें। इस राशि पर परिवाद प्रस्तुति दिनांक से अदायगी दिनांक तक का 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से क्षतिपूर्ति स्वरूप ब्याज परिवादी को एक माह में भुगतान किया जाए। साथ ही स्कूटर के रजिस्ट्रेशन के अंतरण के लिए और परिवाद व्यय के रूप में 3 हजार रुपए एक माह में देने का आदेश दिया।

## क्षत्रिय समाज ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का जलाया पुतला, जताया विरोध



**मालथौन, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह समाजों को बांटने, नफरत फैलाने का काम कर रहे है यह बात खुरई विधानसभा क्षेत्र के मालथौन क्षत्रिय समाज के लोगो द्वारा दिग्विजय सिंह का पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान कहीं गई। बरोदिया नैनागिर की घटना पर कांग्रेस राजनैतिक रोटियां सैक रही हैं। बीते दिन पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सागर के बरोदिया नैनागिर मृतक नितिन अहिरवार घर पहुंचे थे उसके परिजनों से मिले थे। बताया गया कि वहां उनके बयान बाजी को लेकर क्षत्रिय समाज आहत हो गई जिसको लेकर मालथौन में क्षत्रिय समाज द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का पुतला दहनकर उनका विरोध जताया। महाराणा प्रताप बस स्टैंड परिसर में क्षत्रिय समाज के लोग एकत्रित हुए, वहां से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का पुतले के साथ जलूस निकालकर नारेबाजी करते हुए खिमलासा रोड स्थित पहुंचकर पुतला दहन किया गया। क्षत्रिय समाज के लोगो द्वारा दिग्विजय सिंह के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई, क्षत्रिय समाज अपमान सहन नहीं करेगा उन्हें समाज विरोधी बताया, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह क्षत्रिय समाज से माफी मांगे। क्षत्रिय नेता प्रहलाद सिंह राजपूत ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह समाजों को बांटने का कार्य कर रहे, नफरत फैला रहे है, बरोदिया नैनागिर में मामले में कांग्रेस राजनेतिक रोटियां सेंक रही है। यह क्षत्रियों का अपमान है जो सहन नहीं किया जाएगा।

### महेंद्र तिवारी कांग्रेस मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त



**राहतगढ़, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ की सहमति से एवं उपाध्यक्ष प्रभारी समस्त प्रकोष्ठ जेपी धनोपिया की अनुशंसा पर मप्र कांग्रेस मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शिवनारायण शर्मा ने महेंद्र कुमार तिवारी को कांग्रेस मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। इनकी इस नियुक्ति पर कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों, मित्रों ने हर्ष जताया एवं बधाई दी।

### श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मनाया रक्षाबंधन का त्योहार

**बीना, देशबन्धु।** श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मुनि श्री सुब्रत सागर के सानिध्य में रक्षाबंधन का त्यौहार का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी महानुभावों ने एक दूसरे को राखी बांधी इसके पश्चात मुनि श्री ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा की जैन धर्म के अनुसार रक्षाबंधन पर्व सिर्फ भाई बहन तक ही सीमित नहीं है यह पर्व हर उसे व्यक्ति का है जो एक दूसरे से वात्सल रखता है एवं एक दूसरे को सुरक्षित रखते हुए खुद भी सुरक्षित रहता है इसलिए यह त्यौहार को सिर्फ भाई बहन तक सीमत रखना त्योहार की गरिमा को सीमित रखना है श्रावक और साधु जन वात्सल्य की मूर्ति होते हैं इसलिए यह रक्षाबंधन का पर्व भी आपस के प्रेम व वात्सल का है। यदि यह त्यौहार भाई बहन तक ही सीमित रहता है तो यह त्यौहार खतरे में है क्योंकि आज डोली में बेटा तो हर किसी को चाहिए पर गोदी में बेटी किसी को नहीं चाहिए यदि यही सब चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हमारा रक्षाबंधन खतरे में पड़ जाएगा और यदि रक्षाबंधन खतरे में पड़ गया तो सारे त्यौहार खतरे में पड़ जाएंगे। क्योंकि वर्तमान के सारे त्यौहार मां बहन बेटी के ही इर्द.गिर्द घूमते हैं इसलिए अगर हम अपने त्योहारों को बचाना है तो बेटियों के गर्भपात जैसी विडंबनाओ को समाप्त करना होगा यदि कन्या भ्रण हत्या समाप्त नहीं होगा तो बेटी कहां से जन्म लेगी यदि इस प्रकार की कुप्रथाएं बंद हो जाएं तो बेटियां जन्म लेगी और संसार के प्रत्येक त्योहार सुरक्षित रहेंगे मनाए जाएंगे और मात्र त्यौहार की सुरक्षित नहीं रहेंगे धर्म संस्कृति सब कुछ सुरक्षित रहेगा।

# बेबस नदी के तट पर जुटे पुजारी पुरोहित विद्वान



**सागर, देशबन्धु।** पुरोहित पुजारी विद्वत संघ के तत्वाधान में वृहद रूप से श्रावणी उपाकर्म का कार्यक्रम चितौरा के पास बेबस नदी के घाट पर गुरुवार को सुबह 6 बजे से 10 बजे तक संपन्न हुआ। इसमें सभी ने दसविध स्नान तर्पण किया। पंचगव्य पान करके देव और ऋषि पूजन किया नवीन यज्ञोपवीत धारण किया। कार्यक्रम में आचार्य के पद पर वयोवृद्ध पं. सुरेश नारायण द्विवेदी विराजमान रहे। संघ के अध्यक्ष पं. शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि प्राचीन ऋषि परंपरानुसार श्रावणी ब्राह्मणों का प्रमुख त्योहार माना जाता है उपाकर्म कार्य में सर्व प्रथम प्रायश्चित संकल्प होता है इसमें वर्ष भर में हुए अनजान पापों का मंत्रो द्वारा शमन और प्रायश्चित किया जाता है। पं. रामगोविन्द शास्त्री ने बताया की प्रत्येक पुजारी पुरोहित को उपाकर्म आवश्यक बताया गया है क्योंकि ब्राह्मण जगत कल्याण का प्रणेता कहा जाता है ब्राह्मण वर्ष भर जो आशीर्वाद प्रदान करके अपनी ऊर्जा को क्षीण करता है उसके उत्सर्जन को हमारे ऋषियों ने ये परंपरा बनाई थी जिसको हम श्रावणी उपाकर्म कहते हैं। राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पं.बृजेश महाराज ने कहा आज हम जो स्नान कर रहे है इसको दसविध स्नान कहा जाता है इसमें तीर्थ जल, भस्म, गोबर, गोमूत्र, मृतिका, दूध, दही, घी, कुशोदक, दूरवोदक आदि से स्नान किया है, कटी पर्यंत जल में प्रवेश करके देव, ऋषि और पितृ तर्पण किया है। पं. रामचरण शास्त्री श्रीहरि महाराज ने कहा बाहर की शुद्धि के लिए स्नान और शरीर की भीतरी शुद्धि के लिए पंच गव्य का पान किया जाता है सबने स्नान उपरांत गोघृत, दूध, दही, गोमूत्र गोबर आदि का मिश्रण जिसको पंच गव्य कहते है पान किया और अब साधारण भाषा में कहें तो उपाकर्म द्वारा एक वर्ष के लिए सभी विद्वान ऊर्जावान हो गए हैं। कार्यक्रम के उपाचार्य पं. रामेश्वर प्रसाद तिवारी बंडा द्वारा देव पूजन, सप्तऋषि पूजन, प्रवर पूजन कराया गया अंत में सभी ने हवन पूर्णाहूति की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुरोहित, पुजारी और कथावाचक ब्राह्मण उपस्थित रहे।

## धर्म की दृष्टि से भादो का महीना सर्वश्रेष्ठ होता है: मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** आकुलता रहित होकर हमें तत्व अभ्यास करना चाहिए, जैसे अस्पताल जाने से बहुतों को स्वास्थ्य लाभ, विद्यालय जाकर अध्ययन से ज्ञान की प्राप्ति, ठीक इसी प्रकार चारो अनुयोगों एवं जिनवाणी के द्वारा जो तत्व अभ्यास करता है उसे सम्यक दर्शन प्राप्त होता है यह बात मुनि श्री सुदत्तसागर ने श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, मुनि श्री ने कहा प्रथमानुयोग महापुरुषों की कथाओं से साहस बढ़ता है, करणानुयोग परिणामो को संभालना सिखलाता है। चरणानुयोग आलस्य को हटाकर धर्म मार्ग पर चलना सिखाता है और द्रव्यानुयोग स्व एवं पर की पहचान करवाता है। जैसे बरसात के मौसम में धरती पर सहज ही घास अंकुरित पल्लवित होती है इसी प्रकार भादों के महीने में सहज ही व्यक्ति के मन में त्याग, तप, पूजन, दर्शन, अभिषेक, जप, स्वाध्याय, धर्म ध्यान की भावना उत्पन्न होती है। क्षुल्लक श्री चंद्र दत्त सागर ने कहा जिस प्रकार मनुष्यों में राजा श्रेष्ठ होता है वैसे ही सभी महीना में भादो का महीना सर्वश्रेष्ठ है। भादो का महीना व्रत की खान है। इसमें 30 दिनों में 32 व्रतो का आगमन होता है, इसमें सोलह कारण, श्रृत स्कंध, जिन मुखावलोकन, मेघमाला यह चार व्रत पूरे महीने चलते हैं और दसलक्षण, चंदन छठ, रत्नत्रय, निर्दोष सप्तमी, अनंत चतुर्दशी, रोहिणी व्रत तीस चौषीसी निशल्य अष्टमी, दुग्ध रशि धनद कलश, त्रिलोक तीज आदि व्रत संपन्न किए जाते हैं।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का पुतला फूंका



**बीना, देशबन्धु।** ग्राम खिमलासा में मंत्री भूपेंद्र सिंह ठाकुर के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का पूर्व खुरई नगर पालिका अध्यक्ष कमलेश राय के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मेन चौराहे पर पुतला फूंका। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कहा कि कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने टिप्पणी करके साफ सुथरी छवि के मंत्री भूपेंद्र सिंह ठाकुर का अपमान किया है उन्होंने कड़े शब्दों में निदा की। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष चित्तर सींग राजपूत, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष खूबसिंग कुशवाहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, नारायण सिंह चंदेल, नारायण दास जैन, जगदीश लोधी सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

## बहनों ने पहले भगवान को फिर भाई की कलाई पर राखी बांधी



**राहतगढ़, देशबन्धु।** भाई-बहन के अटूट बंधन का त्यौहार रक्षाबंधन नगर एवं क्षेत्र में उत्साह के साथ मना। भद्रा होने से रात्रि 9 बजे के बाद बहनों ने पहले भगवान को फिर भाई की कलाई पर राखी बांधकर दीर्घायु व उसके भविष्य की मंगलकामना की। भाइयों ने बहन को उपहार देकर आशीर्वाद लिया। राखी बांधने का सिलसिला गुरुवार को दिनभर चलता रहा। शुभ मुहूर्त में श्रद्धालु श्रावण मास की पूर्णिमा पर प्राचीन शिव मंदिर, राघव जी मंदिर, श्यामलिया मंदिर, बिहारी जी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में पहुंचे और सबसे पहले भगवान को रक्षा सूत्र बांधकर मंगलकामना की। वही कजलियां पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया। लोगों ने अपने से बड़ों को कजलियों का आदान-प्रदान कर आशीर्वाद लिया। नगर की विभिन्न वार्डो से कजलियां गाजेबाजे एवं अखाड़े के साथ निकाली गई। इस दौरान महिलाएं सिर पर कजलियां रखकर भजन करती हुई चल रही थी, वही युवा सेहरा गाते हुए चल रहे थे। कजलियों का विसर्जन बीना नदी बनेनीघाट, छोटापुल, बड़ापुल आदि जलाशयों में भक्तिभाव से किया गया। नगर के राघव जी मंदिर, श्यामलिया जी मंदिर, बिहारी जी मंदिर में महिला श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन किए। वही क्षेत्र के लोग अनरव परिवारों में गए, जहां एक दूसरे को कजलियां का आदान प्रदान किया। शोक संवेदना व्यक्त की।

## श्रीकृष्ण मंदिर निर्माण के लिए की भूमि दान



**बण्डा, देशबन्धु।** जब एक इंच जगह के लिए भाई भाई का दुश्मन बना हुआ हैं कोर्ट कचहरी के चक्कर लगा रहा हो ऐसे समय एक सेवानिवृत्त शिक्षक ने अनुकरणीय उदाहरण का परिचय देते हुए अपने जयेष्ठ पुत्र, स्व. दुष्यंत यादव गोपाल की स्मृति में 10 डिसमिल भूमि भगवान श्री कृष्णमंदिर को दान में दी हैं यहां पर विगत दिवस भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर यादव समाज की एक विशाल बैठक मंडी प्रांगण बंडा में आयोजित हुयी थी जिसमें भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर निर्माण में भूमि की आवश्यकता को देखते हुए ओमप्रकाश यादव एवं संतोष यादव के पिता सेवानिवृत्त शिक्षक काशीराम यादव ने श्री नेमीनगर मंदिर के आगे अपनी निजी भूमि में से 10 डिसमिल भूमि दान करने की घोषणा की जिसकी उपस्थित लोगो ने प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया।

## सार समाचार

### छत से गिरने पर युवक की मौत



**हरपालपुर, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर की पुरानी गल्ला मंडी में स्थित घर की छत से गिरने के कारण एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया है कि मृतक खाना खाने के बाद अपने घर की छत पर टहल रहा था और इसके बाद सुबह से उसका खून से लथपथ शव पड़ोसी के मकान में पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा कार्यवाही के बाद पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर की पुरानी गल्ला मंडी में मस्जिद के बगल में रहने वाले मनीष अग्रवाल उर्फ तेजा पुत्र जगदीश अग्रवाल उम्र 36 वर्ष नगर की ही शिक्षक कॉलोनी वाले मकान पर अपने रिस्तेदारों छोडऩे के बाद घर आया था। खाना खाकर वह छत पर टहलने को गया था। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि छत पर टहलने के दौरान मनीष करीब 25 फिट की ऊंचाई से अपने पड़ोसी के घर में गिर गया और अत्यधिक रक्त स्त्राव होने के कारण वहीं पर मनीष की मौत हो गई। सुबह जब परिजनों ने मृतक को उस के कमरे में देखा तो वह वहां नहीं था, इसके बाद उसकी तलाश की गई। खोज के दौरान परिजनों को मनीष का शव पड़ोसी के मकान में पड़ा दिखाई दिया। परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे एसआई दिलीपकरण नायक, एसआई अजय शाक्य और आरक्षक भान राजपुत ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को कब्ज़े में लिया और पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिये नौगांव भेजा। एसआई दिलीपकरण नायक ने बताया कि फिलहाल मर्ग कायम किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# रक्षाबंधन पर रक्तदान कर महिला की जान बचाई, दिया जीवनदान का उपहार



**छतरपुर, देशबन्धु।** जज्बा जिनमें इंसानियत का होता है उनके लिए दूरियां मायने नही रखतीं। आपाजी ब्लड ग्रुप के रफत खान ने बताया की सविता गुप्ता खजुराहो निवासी एक निजी अस्पताल में इलाजरत थी ब्लड की बहुत आवश्यकता थी चूंकि ब्लड रेयर ग्रुप एबी नेगेटिव था जो बहुत मुश्किल से मिलता है। परिजन तीन दिन से लगातार ब्लड के लिऐ भटक रहे थे।

यह जानकारी आपाजी ब्लड ग्रुप को मिलने पर ग्रुप के सदस्य अखिलेश सेन जो ग्राम टटम में रहते है को महिला की गंभीर स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बिना विलंब किए अपनी बाइक से 40 किमी का सफर तय कर रक्तदान करने आ पहुंचे और अपने रेयर रक्त एबी नेगेटिव से महिला की जान बचाई। आपाजी ब्लड ग्रुप निरंतर जरूरतमंद लोगों की मदद कर रहा है। महिला के परिजनों ने अखिलेश सेन और आपाजी ब्लड ग्रुप एवं लैब अटेंडर हिमांशु खरे का आभार व्यक्त किया।

**राखी बंधवाने के बाद रक्तदान करने पहुंचा रक्तवीर :** रक्तवीर सेवा दल के अमित जैन ने बताया कि जिला अस्पताल में भर्ती सटई रोड निवासी मीना यादव का रक्त की कमी के कारण ऑपरेशन रुका हुआ था, जिसके लिए कई बार के रक्तदानी पवन पटवा ने अपनी रखियो से सजी कलाई से रक्तदान किया। उन्होंने रक्तदान करते हुए कहा कि रक्षाबंधन पर किसी पीडित बहिन के लिए रक्तदान कर मैंने पर्व को सार्थक तरीके से मनाय है।

**दो दिनों तक गुलजार रहे बाजार, धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व :** भाई-बहिन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन छतरपुर जिले में भी धूमधाम से मनाया गया। श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह पर्व इस बार दो दिनों तक चला। कलेण्डर के अनुसार 30 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व था लेकिन जानकारों के मुताबिक इस दिन भद्राकाल होने की वजह से राखी बांधना वर्जित माना गया था इसलिए रक्षाबंधन का पर्व दो दिनों तक धूमधाम से मनाया गया।

### बाजार में रही चहल-पहल

30 अगस्त को रात 9.03 मिनिट के बाद राखी बांधने का शुभ मुहूर्त था। इसके बाद 31 अगस्त को भी मुहूर्त होने की वजह से लोगों को दो दिन त्यौहार मनाने का मौका मिला। यही वजह थी कि बाजार में दो दिनों तक काफी चहल-पहल देखने को मिली। राखियों और मिठाईयों की दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीददारी की। सामान्य राखियों के अलावा सोने, चांदी से निर्मित राखियों की भी बिक्री देखी गई। इसके अलावा बच्चों के लिए विशेषकर खिलौनों वाली राखियां भी बाजार में देखी गईं जिसे लोगों ने पसंद करके छोटे बच्चों की कलाईयों पर बंधवाया।



### प्रकाश बम्हौरी थाना प्रभारी ने लगाई जनचौपाल, ग्रामीणों से की अपील

## आमजन करें सहयोग, हम देंगे भयमुक्त वातावरण: रावत



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के प्रकाश बम्हौरी थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह रावत थाना क्षेत्र के गांव-गांव जाकर जनचौपालों का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने ग्राम प्रकाश बम्हौरी, घटहरी, बदौरा, मुड़हरा, चंदवारा, अभऊ आदि गांवों में जन चौपालों में ग्रामीणों से अपील की कि आमजन आगे आकर पुलिस का सहयोग करें तो निश्चित ही समाज में भयमुक्त वातावरण का निर्माण होगा।

क्रेशर उद्योग के लिए मशहूर प्रकाश बम्हौरी थाना क्षेत्र में लगभग पांच माह पूर्व पदस्थ हुए थाना प्रभारी शैलेंद्र रावत ने जल्द ही यहां अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगाम कसने का प्रयास किया है। नियमित पेट्रोलिंग के ही परिणाम हैं कि थाना क्षेत्र में चोरी जैसी घटनाओं में बेहद कमी आई है। अधीनस्थ स्टाफ के सहयोग से थाना प्रभारी ने क्षेत्र के फरार वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उन्होंने थाना क्षेत्र में अवैध उत्खनन और परिवहन को रोकने के लिए प्रयास किए तो वहीं ग्रामीणों को भी अपराधों से दूर रहने के प्रति जागरूक किया। यही कारण है कि थाना क्षेत्र के गांव-गांव में जनचौपालों का सतत आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपराध को समाज के ही चंद लोग अंजाम देकर अशांति का माहौल पैदा करते हैं ऐसे अशांत माहौल को खत्म करने के लिए ग्रामीणों को एकजुट होकर पुलिस की मदद करनी चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों को नशा से दूर रहने की नसीहत देते हुए कहा कि नशा समाज को न सिर्फ दूषित करता है बल्कि अपराधों को भी जन्म देता है। नशा के दुष्परिणामों से कई परिवार विघटन की स्थिति में आ गए हैं। अत: आम ग्रामीणजन नशा जैसी प्रवृत्ति को दूर करें और यदि अन्य कोई नशे की गिरफ्त में है तो उसे भी नशा की प्रवृत्ति से बाहर लाने का प्रयास करना चाहिए।

# अल्पविराम के साथ सार्वभौमिक मानवीय मूल्य पर हुई कार्यशाला



**छतरपुर, देशबन्धु।** गुरुवार को अगस्त माह के अंतिम दिवस केंद्रीय विद्यालय में राज्य आनंद संस्थान की ओर से सार्वभौमिक मानवीय मूल्य पर अल्पविराम लेकर संवाद किया गया, प्रभारी प्राचार्य सलीम सिद्दीकी की उपस्थिति में 40 शिक्षकों ने इस वर्कशॉप में हिस्सा लिया, आनंद विभाग की ओर से मास्टर ट्रेनर लखन लाल असाटी एवं श्रीमती आशा असाटी ने यूएचव्ही के कंटेंट पर विस्तार से बातचीत की।

1 घंटे के संवाद के बाद शिक्षकों ने स्वीकार किया कि आवश्यकता असीमित नहीं है उसे मात्र फिक्स करने की जरूरत है, अभी मानव का सारा प्रयास सुविधाओं को जोडऩे में है, आवश्यकता की सही-सही पहचान न होने से दिन-रात बिना पेंदी के लोटे को भरने जैसा काम चल रहा है जो दुख का कारण बनता है, अधिकतर लोगों ने स्वीकार किया कि वह सुविधा विहीन दुखी दरिद्र न होकर सुविधा संपन्न दुखी दरिद्र हैं। कार्यशाला के दौरान सुख और समृद्धि को वास्तविक अर्थों में समझा गया सुख का आशय मानव परिवार समाज और प्रकृति चारों स्तर पर व्यक्ति का व्यवस्था में होना है, इसी तरह आवश्यकता का निर्धारण हो जाने पर आवश्यकता से थोड़ा अधिक उपलब्ध होने का भाव समृद्धि है, समृद्धि का भाव आ आने पर व्यक्ति किसी का भी शोषण नहीं करता है अपितु उसका प्रयास और अधिक उद्यम कर दूसरों को समृद्ध करने का बन जाता है।

केंद्रीय विद्यालय की ओर से प्राचार्य सलीम सिद्दीकी, रोमेश खरे, वर्षा बाड़ोलिया और राजेश कुमार जैन ने संबंधित विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह वर्कशॉप अत्यंत उपयोगी है जीवन से जुड़ी हुई है तथा इस पर और अधिक संवाद की जरूरत है उन्होंने आनंद विभाग से आग्रह किया कि वह केंद्रीय विद्यालय संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर से संवाद कर इसे पूरे प्रदेश में नियमित रूप से आयोजित करें, आभार प्रदर्शन राजेश जैन द्वारा किया गया कार्यक्रम के प्रेजेंटेशन में कंप्यूटर कक्ष प्रभारी दीप नारायण सिंह का विशेष सहयोग रहा।

# कलेक्ट्रेट में सौ मीटर परिधि में 144 धारा लागू

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला मजिस्ट्रेट छतरपुर संदीप जी.आर. ने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर छतरपुर के 100 मीटर की परिधि में तत्काल प्रभाव से दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 लागू की है। जिसके प्रभाव से 31 दिसंबर 2023 तक विभिन्न प्रकार की कार्यवाहियां एवं गतिविधियां प्रतिबंधित रहेंगी।

आदेश के प्रभावशील होने से कोई बाहरी व्यक्ति अथवा लायसेसी, बिना लायसेंसी अस्त्र शस्त्र लेकर न आए। कोई भी व्यक्ति ईंट, पत्थर, सोडा, वाटर की बोतले, एसिड या अन्य घातक पदार्थ एकत्रित एवं धारण नहीं करेगा। जिसके उपयोग से किसी को भी चोट पहुंचाई जा सकती है। संस्था या संगठन जुलूस के साथ लाउड स्पीकर का उपयोग नहीं करेगा। कलेक्ट्रेट छतरपुर के परिसर में पांच या पांच से व्यक्ति एकत्रित न हो। जो संस्था या संगठन कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देना चाहे उन्हें ज्ञापन देने के लिए नियमानुसार अनुमति लेना अनिवार्य होगा। यह आदेश सर्वसाधारण को सम्बोधित है, क्योंकि वर्तमान परिस्थितियों में सूचना की तामीली सम्यक समय में करना एवं उनकी सुनवाई करना संभव नहीं है। यह आदेश उक्त संहिता की धारा 144(2) के अंतर्गत एक पक्षीय पारित किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### सीसीटीवी कैमरे ले भागे चोर

**राजनगर, देशबन्धु।** जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत पाटन में शासन के निर्देशानुसार पिछले दिनों सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए थे, जिन्हें बीती रात अज्ञात चोरों ने चुरा लिया है। बताया जा रहा है कि अज्ञात चोर रात के वक्त पंचायत भवन में लगे सीसीटीवी कैमरे चुराकर चंपत हो गए। सुबह जब चोरी की जानकारी लगी तब पंचायतकर्मियों ने पुलिस से शिकायत की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पाटन के पंचायत भवन में विगत 23 अगस्त को ही शासन के निर्देशानुसार सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए थे ताकि पंचायत के आस-पास घूमने वाले असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा सके लेकिन चोर इतने शातिर दिमाग हैं कि उन्होंने बीती रात पंचायत भवन के सीसीटीवी कैमरे ही चोरी कर लिए। हालांकि यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर में रिकॉर्ड हो गई है। सरपंच मुकेश शुक्ला ने घटना की शिकायत चंद्रनगर चौकी में की है। सरपंच श्री शुक्ला का कहना है कि गांव में शराब का अवैध व्यापार चरम पर है जिसके चलते असमाजिक तत्व वारदातों वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। इसे पहले भी ग्राम पंचायत पाटन में कई वारदातें हो चुकी हैं।

### पहलवानों ने दिखवाए दांव पेंच



**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजपुर में नगर की छोटी फील्ड पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर पालिका द्वारा रक्षाबंधन के मौके पर दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दंगल में भाग लेने वाले पहलवानों ने पहले बजरंगबली को नमन करते हुए वंदना की और इसके बाद अखाड़े में उतरकर प्रदर्शन किया।

आयोजन समिति ने बताया कि बुंदेली परंपरा के मुताबिक नगर में हर वर्ष रक्षाबंधन के मौके पर दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जिसमें छतरपुर, बांदा, इलाहाबाद, शाहगढ़, टीकमगढ़, सागर, खुरई, गढ़ीमलहरा, महराजपुर सहित उत्तरप्रदेश और अन्य राज्यों के पहलवान भाग लेते हैं। इस वर्ष भी उक्त स्थानों से आई पहलवानों की करीब आधा सैकड़ा जोडिय़ों ने भाग लिया। मौजूद दर्शकों ने तालियां बजाकर पहलवानों का हौसला बढ़ाया। नगर परिषद और वार्ड पार्षदों ने विजेता पहलवानों का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया। विजेता एवं उपविजेता पहलवानों को धनराशि भी प्रदान की गई।

# गहोई समाज द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी और प्रतिभा सम्मान समारोह 8 को

**छतरपुर, देशबन्धु।** नगर गहोई वैश्य समाज, गहोई महिला मंडल, छतरपुर के संयुक्त तत्वावधान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव शुक्रवार, 8 सितम्बर को सायं 6 बजे से गहोई धाम में मनाया जायेगा, साथ ही इसी दिन प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

गहोई समाज के अध्यक्ष प्रेमनारायण रूसिया तथा महिला मंडल अध्यक्षा संगीता टिकरया ने सभी कि गहोई वैश्य समाज छतरपुर के सदस्यजनों से निवेदन किया है कि वर्ष 2022-23 में जिनके परिवार में बच्चों ने कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में 80त्न अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त किये हैं वह अपनी अंक सूची दिनांक 5/9/2023 सायं 5 बजे के पूर्व राष्टकवि मैथिलीशरण गुप्त विद्यालय / श्री बृजमोहन रावत जी की दुकान पर जमा करें , साथ ही उन प्रतिभाशाली छात्र छात्राएं शामिल किए जायेंगें जिन्होंने वर्ष 2023 में एम.बी.बी.एस. प्रथम वर्ष और आई.आई.टी. प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया हो ओर वह प्रतिभावान बच्चे जिन्हें केन्द्र स्तरीय या प्रदेश स्तरीय किसी भी प्रतियोगिता में प्रथम , द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त किया है ऐसे प्रतिभागी अपने प्रमाणपत्र की छायाप्रति संलग्न करें । सभी सम्मान वर्ष 2022-23 हेतु रखे गए हैं ।

### छात्रों ने साईकल चलाकर मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

**छतरपुर, देशबन्धु।** महर्षि विद्या मंदिर के छात्रों ने मंगलवार को साईकिल चलाकर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र देरी रोड, बिजावर नाका, आकाशवाणी तिराहा, पत्रकार चौक, चौक बाजार, महल रोडे होते हुए छत्रसाल चौक पहुँचे, जहां साइकिलिंग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया गया। खेल प्रशिक्षक पीके दुबे के निर्देशन में निकाली गई इस रैली को विद्यालय के प्राचार्य सीके शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्राचार्य श्री शर्मा ने कहा कि हमें अपने जीवन मे किसी भी एक खेल को दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।

# नवीन परिसर में फेंसिंग कार्य का विधि विधान से हुआ शुभारंभ



- सघन वन परियोजना विश्वविद्यालय द्वारा प्रारंभ की गई है

**छतरपुर, देशबन्धु।** रक्षाबंधन के शुभ मुहूर्त पर 31 अगस्त 23 को महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय,छतरपुर के नवीन परिसर में फेंसिंग कार्य का श्री गणेश हुआ। कन्या आद्रिका पाण्डेय द्वारा प्रथम पूजन और प्रथम निर्माण किया गया।

मातृशक्ति अहवान के साथ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. शुभा तिवारी, कुलसचिव विजय कुमार तिर्की, प्राध्यापक डॉ. डी.पी.शुक्ला, डॉ. ओ.पी. अरजरिया, प्रो. श्रीमती कृष्णा शुक्ला, डॉ. एस.पी. जैन, डॉ. सी.एल. प्रजापति, डॉ आरएस सिसोदिया, डॉ. ममता वाजपेयी, डा अशोक निगम, डा एसके छारी, डॉ. पी.के. खरे, डा आरपी कुमार, डा बीडी नामदेव, डा आनंद पांडेय, डॉ. योगेश चतुर्वेदी, गिरिजेश जुयाल, सहायक कुलसचिव हर्षित ताम्रकार तथा बड़ी संख्या में प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

ज्ञातव्य हो कि यह विश्वविद्यालय सत्र 2015 में प्रारंभ हुआ था।सत्र 2021 में शासकीय महाराजा महाविद्यालय के विलय के उपरांत इस विश्वविद्यालय ने भव्य स्वरूप ले लिया है। इस विश्वविद्यालय को 418 एकड़ भूमि शासन द्वारा आवंटित है। इस भूमि पर निमार्ण कार्य का भूमि पूजन महामहिम कुलाधिपति एवं राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने दिनांक 04 फरवरी 23 को किया था।

विश्वविद्यालय के समक्ष सबसे बड़ा कार्य इस भूमि को सुरक्षित करना तथा वहां पर व्यवस्थित विकास करना है। ग्रीन ऑडिट के मापदण्डों के आधार पर पेड़ों की संख्या ज्यादा रहनी है और कंक्रीट की कम। इसी तारतम्य में फेंसिंग, बायो फेंसिंग तथा सघन वन परियोजना विश्वविद्यालय द्वारा प्रारंभ की गई है। इस शुभ कार्य में विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी प्रण-प्राण से जुट गये हैं। नये परिसर में प्रशासनिक भवन की स्वीकृति तथा आदेश आ चुके हैं। यह कार्य शीघ्रातिशीघ्र प्रारंभ हो रहा है। जनमानस की आकांक्षाओं को पूरा करते हुये वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु कटिबद्ध महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय प्रगति पथ पर अग्रसर है।

# मतदान केन्द्रों पर रैम्प और टॉयलेट क्रियाशील नहीं मिले तो होगी कार्यवाई: कलेक्टर

**आरओ प्रत्येक दिन ग्राम में करेंगे चौपाल का आयोजन**

**टॉप मोस्ट गुण्डों पर बॉण्ड ओवर की कार्यवाही हो**

**मतदान केन्द्रों पर रैम्प, बिजली, पेयजल, टॉयलेट एवं फर्नीचर की उपलब्धता होने की हुई समीक्षा**



***छतरपुर, देशबन्धु।*** *कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. ने गुरूवार को कलेक्टेऊट से व्ही.सी. के माध्यम से मतदान केन्द्रों में सभी जरूरी व्यवस्थाओं के क्रियाशील होने की समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी विधानसभाओं के मतदान केन्द्रों पर रैम्प, टॉयलेट, बिजली, पेयजल, फर्नीचर की उपलब्धता एवं क्रियाशील होने की निकाय और विधानसभावार समीक्षा की गई।*

*कलेक्टर श्री जी.आर. ने आरओ, एआरओ, सीईओ जप, सीएमओ को स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी मतदान केन्द्र ऐसा नहीं मिले जहां रैम्प न हो, रैम्प मानक अनुरूप हो। साथ ही महिला एवं पुरूष टॉयलेट क्रियाशील हो, अगर जहां टॉयलेट नहीं है तो लिखित में जानकारी दें और तत्काल आवश्कतानुसार बनवाएं। उन्होंने कहा सभी व्यवस्थाओं के क्रियाशील होने की जिम्मेदारी आरओ की होगी।*

*कलेक्टर ने सख्त लहजे में कहा कि औचक निरीक्षण में मानक अनुरूप रैम्प और टॉयलेट क्रियाशील नहीं मिले तो लापरवाही क्षम्य नही होगी और तत्काल कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने महाराजपुर विधानसभा के मतदान केन्द्रों में व्यवस्थाएं सुनिश्चित होने की उप जिला निर्वाचन अधिकारी को निरीक्षण कर मीटिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही रैम्प और टॉयलेट क्रियाशील होने की रिपोर्ट देने को कहा।*

*उन्होंने सभी बीसी, एसबीएम, सीईओ जप, सीएमओ और आरओ को स्पष्ट निर्देश दिए की मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर ओवर ऑल शॉर्टकमिंग हो तो सुधारें। उन्होंने सभी निर्वाचन संबंधी डाटा की रिपोर्ट डिजिटल के साथ ही आरओ के हस्ताक्षर से भी प्राप्त हो।*

***दिव्यांगों की टीम बनाकर, सही रैम्प होने की जानकारी लें :*** *कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिन मतदान केन्द्रों में फर्नीचर नही है तो तत्काल खरीदें। उन्होंने एमपीईबी को निर्देशित किया कि जहां बिजली कनेक्शन नहीं है, तो तत्काल करना सुनिश्चित हो और मतदान केन्द्रों पर शतप्रतिशत बिजली कनेक्शन होने की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस कार्य में लापरवाही करने पर तत्काल एक्शन लिया जाएगा।*

*कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि संवेदनशील मतदान केन्द्र और वल्नरेवेलिटी एरिया को चिन्हित करने में कोताही न बरतें, ग्राम में जाकर प्रत्येक वर्ग के लोगों, जनप्रतिनिधियों, उम्मीदवारों, मीडिया प्रतिनिधियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और शिक्षकों से भी बात कर जानकारी लें। साथ ही प्रतिदिन आरओ की उपस्थिति में एक ग्राम चौपाल करने आयोजित करने के निर्देश दिए।*

*वल्नरेवेलिटी में एरिया जो चिन्हित हो वहां तत्काल एक्शन मोड में कार्यवाहियां करें और समझाइस दें। कलेक्टन ने कहा बॉण्ड ओवर की कार्यवाहियां टॉप मोस्ट गुण्डों पर गंभीरता से करें। उन्होंने कहा सभी आरओ बॉण्ड ओवर के लिए वर्कआउट करें। साथ ही कोई भी मतदान केन्द्र सेडो एरिया में न हो बीएलओ से लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर निर्देश दिए कि दिव्यांगों की एक टीम बनाएं और मतदान केन्द्रों पर भेंज का मानक अनुरूप रैम्प होने की रिपोर्ट लें। रैम्प ठीक नहीं मिलने पर तत्काल संबंधित पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।*

देशबन्धु

सागर, शुक्रवार 1 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## मुम्बई बैठक से बढ़ी 'इंडिया' की ताकत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पहले से अड़चन में लाने वाले विवादास्पद कारोबारी गौतम अदानी को लेकर हुए नये खुलासों, चीन द्वारा जारी नये नक्शे से पीएम द्वारा झूठ बोला जाना साबित हो जाने, संसद के 18 से 22 सितम्बर तक अचानक बुलाए गये विशेष सत्र, नज़दीक आती जी-20 की बैठक जैसे मुद्दों के बीच 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार को चुनौती देने के लिये बने विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूज़िव एलाएंस) की दो दिवसीय बैठक गुरुवार को जिस सकारात्मक नोट के साथ प्रारम्भ हुई है, वह आशा बंधाती है कि भारत को जिस आर्थिक बदहाली, सामाजिक विखंडन और कुप्रबन्धन के गर्त में इस सरकार ने डाल रखा है, उससे उबारने के लिये देशवासियों के सामने एक मजबूत विकल्प साकार हो सकेगा। इस दो दिवसीय बैठक में इंडिया का शुभंकर यानी लोगो, संयोजकों का मनोनयन, सीटों का बंटवारा, भावी कार्यक्रम जैसे विषयों पर फैसले होने हैं जिसके बाद इंडिया के घटक दल चुनावी तैयारियों में लग जायेंगे।

इसी वर्ष जून में बिहार की राजधानी पटना तत्पश्चात जुलाई में कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में हुई बैठकों की कड़ी में यह तीसरा महाजुटान है। पटना बैठक में 16 विपक्षी दल इसमें शामिल हुए थे, जबकि बेंगलुरु में 26 दल आ जुड़े थे। अबकी बार दो नये दल भी इंडिया से आ मिले हैं जो बतलाता है कि सामूहिक प्रतिपक्ष सघन और विस्तृत दोनों ही हो रहा है। जिन दलों को लेकर संशय था, वे भी संयुक्त विपक्ष का हिस्सा बनते गये (जैसे आम आदमी पार्टी) या जिन नेताओं की निष्ठा पर शक जाहिर किया जा रहा था, वे भी साथ हैं। ऐसों में एनसीपी के सुप्रीमो शरद पवार मुख्य हैं जिनके बारे में कहा जा रहा था कि वे कभी भी पाला बदल सकते हैं। उनके बारे में ऐसा सोचने का कारण यह था कि उनके भतीजे और कुछ प्रमुख समर्थक उनसे अलग होकर महाराष्ट्र की उस मिली-जुली सरकार का हिस्सा हैं जिसके अन्य घटक दल भाजपा तथा शिवसेना का एकनाथ शिंदे वाला धड़ा है। वही पवार इस वक्त इंडिया के प्रमुख नेताओं में से एक हैं और शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे के पुत्र व उद्धव धड़े के प्रमुख हैं। वे पवार के ऐसे सहयोगी हैं जिनके बल पर भाजपा-शिंदे-अजित पवार (शरद पवार के भतीजे, जो अलग हुए नेताओं में से एक हैं) की सरकार वाले महाराष्ट्र की राजधानी मुम्बई में इंडिया की बैठक कर रहे हैं। इसके पहले हुई बैठकें उन राज्यों में हुई थीं जिनमें इंडिया में शामिल दलों की सरकारें हैं। बिहार में जनता दल यूनाईटेड (जेडीयू) व राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की, तो कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है।

यह बैठक ऐसे वक्त में हो रही है जब नये खुलासों के रूप में अंतरराष्ट्रीय ख्याति की संगठन ऑर्गेनाइज़्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) ने नया धमाका किया है जिसमें बतलाया गया है कि गौतम अदानी एवं उनके भाई विनोद अदानी ने अपनी ही राशि से खुद की कम्पनियों के शेयर खरीदकर उस नियम का उल्लंघन किया है जिसके तहत कोई भी कम्पनी का प्रमोटर इनसाइड ट्रेडिंग नहीं कर सकता। निर्धारित संख्या में कुछ शेयर छोटे निवेशकों द्वारा खरीदे जाते हैं। इस रिपोर्ट को दो प्रसिद्ध अखबार 'गार्डियन' और 'दी फाइनेंशियल टाइम्स' ने भी प्रकाशित कर बतलाया है कि मोदी के साथ ही निवेशकों के हितों की रक्षा करने के जिम्मेदार सेबी, जांच एजेंसियों आदि ने भी अदानी को बचाने में भूमिका निभाई। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले हिंडनबर्ग रिपोर्ट आई थी जिसमें कहा गया था कि मोदी ने गौतम अदानी को फायदा पहुंचाया था। राहुल गांधी बार-बार यह मामला उठाते आए हैं। उन्होंने पिछले साल निकाली अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' में इस मुद्दे को उठाया था तथा मोदी-अदानी के रिश्तों के बारे में लोकसभा में सवाल उठाये थे। इसके चलते एक अवमानना मामले का सहारा लेकर राहुल को लोकसभा से निलम्बित कर दिया गया था। मामला सुप्रीम कोर्ट में भी है और सेबी भी अड़चन में दिख रहा है जिसने अदानी को क्लीन चिट दी थी। इसी मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में संयुक्त संसदीय समिति बनाने की मांग की गई थी जिसे सरकार ने नकार दिया था।

मुम्बई के बैठक स्थल पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने इस मामले को उठाते हुए कहा कि जी-20 की बैठक भारत में होने जा रही है। ऐसे में यह रिपोर्ट सामने आना देश की प्रतिष्ठा के प्रतिकूल है क्योंकि इस रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि अदानी परिवार मोदी के करीबी हैं। राहुल ने कहा कि इस लेन-देन में दो विदेशी नागरिक नासेर अली शबान अली तथा चेंग चुंग चिंग भी सम्बद्ध हैं जो भारत की सुरक्षा को लेकर बड़ा खतरा है। उन्होंने अपना पुराना सवाल दोहराया कि जो पैसा लगाया गया है, वह किसका है। राहुल के अनुसार 10 लाख डॉलर भारत से बाहर गया और फिर घूमकर भारत की अदानी की कम्पनियों में निवेश हुआ जिससे उनके शेयरों में उछाल आया एवं सरकारी परिसम्पत्तियों को इसी राशि से खरीदा गया।

कहना न होगा कि इन कारणों से पहले से परेशान मोदी तथा भाजपा इंडिया की बढ़ती ताकत से और संकट से घिरते जा रहे हैं। वैसे तो इंडिया के जवाब के रूप में एनडीए की भी बैठक बुलाई गई है जिसमें 38 सदस्य हैं। यह अलग बात है कि इनमें से 24 पार्टियां ऐसी हैं जिनका किसी भी राज्य की विधानसभा या लोकसभा में कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। बेशक, इंडिया की मुम्बई बैठक संयुक्त प्रतिपक्ष की बढ़ती ताकत का गवाह पहले ही दिन बन गई है।

# आपातकालीन खाद्यान्न आपूर्ति के लिए भारत की ओर देख रहे हैं बांग्लादेश और नेपाल

■ आशीष विश्वास

भारत और बांग्लादेश दोनों अगले साल की शुरुआत में आम चुनाव कराने की तैयारी कर रहे हैं, परन्तु संबंधित अधिकारियों को प्रभावी खाद्यान्न आपूर्ति श्रृंखला बनाये रखने और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में बेहद कठिनाई हो रही है।

नेपाल आने वाले त्यौहार के मौसम में बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए भारत से बड़ी मात्रा में चावल, गेहूं और धान बेचने का आग्रह कर रहा है, और उम्मीद की जा रही है कि दिल्ली एक विशेष उपाय के रूप में खाद्यान्न निर्यात पर अपने वर्तमान प्रतिबंध में ढील देगी। नेपाली प्रशासन, जिसने हाल ही में फसल की कीमतों को स्थिर करने या कम करने में भारत की मदद करने के लिए टमाटर की पर्याप्त मात्रा बेची है, ऐसे समय जब देश के अधिकांश राज्यों में 140 - 200 रुपये के बीच था, उम्मीद की जा रही है कि भारत भी उसके लिए कुछ करेगा।

खाद्य पदार्थों के साथ-साथ ईंधन की बढ़ती कीमतें, मौजूदा मुद्रास्फीति के रुझान में योगदान दे रही हैं, जो अभी भी भारत के क्षेत्रीय पड़ोसियों के बीच प्रमुख चिंता बनी हुई है। अत्यधिक गर्मी और अनियमित तथा घटती बारिश के साथ वैश्विक तापमान वृद्धि के विनाशकारी प्रभावों ने अधिकांश स्थानों में फसल उत्पादन को प्रभावित किया है।

यूक्रेन युद्ध के कारण दुनिया भर में खाद्य आपूर्ति श्रृंखला पहले ही बाधित हो चुकी है, जिसके जल्द ख़त्म होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। भारत से प्रमुख अनाज और संबंधित आयात के बिना, नेपाल और बांग्लादेश को पहले से ही ऊंची कीमतों के और बढ़ने की गंभीर संभावना का सामना करना पड़ रहा है, जिससे बड़े पैमाने पर मुद्रास्फीति बढ़ेगी।

बांग्लादेश लघु और मध्यम अवधि के लिए चावल और गेहूं की गारंटीकृत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रूस और म्यांमार के साथ तत्काल बातचीत कर रहा है। ढाका की रिपोर्टों से पता चलता है कि देश की मौजूदा स्टॉक स्थिति स्वस्थ है। लेकिन 2024 की शुरुआत में, जब चुनाव होंगे, मौजूदा भंडार ख़त्म हो जायेगा। रूस और म्यांमार दोनों ने बिक्री मूल्यों का उल्लेख किया है जो बांग्लादेश को बहुत अधिक लगता है। यह भी निश्चित नहीं है कि म्यांमार ढाका की अनाज मांगों को पूरी तरह से पूरा कर सकता है।

दुनिया भर में व्याप्त कठिन आर्थिक स्थिति को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि अधिक बातचीत की आवश्यकता होगी और नीति निर्माताओं के लिए आगे कुछ कठोर सौदेबाजी करना बुद्धिमानी होगी, जिसमें बेचने वाले देश अपने लाभप्रद स्थिति का आनंद ले रहे हैं। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि नेपाल के साथ-साथ बांग्लादेश भी एक कठिन परिस्थिति में बड़ी मदद के लिए भारत पर भरोसा कर रहा है। इन देशों के बीच अच्छे पड़ोसी संबंध एक निश्चित लाभ हैं। श्रीलंका और चीन के साथ, बांग्लादेश और नेपाल सामान्य समय में भारत में उत्पादित चावल के नियमित आयातक रहे हैं। उदाहरण के लिए, नेपाल ने 2021 में 1.4 मिलियन टन भारतीय चावल का आयात किया, जिसकी लागत 473 मिलियन डॉलर से अधिक थी। बांग्लादेश ने 2022 में अपने कुल चावल आयात का 37 प्रतिशत भारत से खरीदा, और 2.81 मिलियन डालर से अधिक खर्च किया।

> भारत ने हमेशा की तरह, अपने पड़ोसियों की ज़रूरत की घड़ी में उनके साथ खड़े रहने की प्रतिबद्धता दोहराई। हालिया वार्ता के बाद बांग्लादेश ने पहले ही भारत से आवश्यकताओं की एक संशोधित सूची जमा कर दी है। लेकिन नेपाल के साथ-साथ उसे अभी भी भारत पर भरोसा है कि वह प्रमुख रूप से उसकी मदद करेगा।

हालांकि, 2023 के अंत और 2024 की पहली तिमाही तक, भारत को अपनी विशेष मजबूरियों से जूझना होगा। संकेतों के मुताबिक लोकसभा चुनाव 2024 के मध्य में होंगे। खाद्य कीमतें एक बड़ा मुद्दा होंगी। बहुत कुछ चावल, गेहूं, धान और दाल की किस्मों के घरेलू उत्पादन पर निर्भर करेगा। वर्तमान फसल-पूर्व संकेत शायद ही उत्साहवर्धक हों। दक्षिणी राज्यों से शुरुआत करते हुए, अलनीनो कारक के कारण पूर्व और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में मानसून वर्षा में गिरावट की उम्मीद है। इसलिए अधिकांश अर्थशास्त्रियों और योजनाकारों को समग्र खाद्य/सब्जी उत्पादन में कमी की आशंका है। मात्रा में कमी के परिणामस्वरूप उच्च कीमतें होने की संभावना है, जिसे मौजूदा भंडार का उपयोग करके केवल आंशिक रूप से पूरा किया जा सकता है। 2024 के चुनावों से पहले लंबी तैयारी अवधि के दौरान यह मुद्दा राजनीतिक रूप से संवेदनशील होने के साथ-साथ निर्णायक भी हो सकता है। बेरोजगारी, गिरते निर्यात और औद्योगिक उत्पादन के वर्तमान स्तर के साथ भारत की अपनी अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी नहीं चल रही है। कोई आश्चर्य नहीं कि भारत सरकार ने चावल और चीनी आदि के अपने सामान्य निर्यात पर फिलहाल प्रतिबंध लगा दिया है।

सवाल उठता है कि प्रभावी घरेलू शासन को बनाये रखने और अपने आर्थिक रूप से संकटग्रस्त पड़ोसियों की मदद की बेताब अपीलों को पूरा करने के बीच भारत सरकार कितनी कुशलता से एक नाजुक संतुलन बना सकती है? दक्षिण एशियाई क्षेत्र में एक सर्वमान्य नेता होने की भारत की पारंपरिक भूमिका को देखते हुए, विश्वव्यापी आर्थिक संकट के दौरान पड़ोसियों की मदद करना कोई हल्के में लिया जाने वाला कार्य नहीं है। इस बीच, काठमांडू और ढाका की मीडिया रिपोर्टों को देखते हुए, नीति निर्माता यह नहीं छिपाते कि उन्हें गर्मी के साथ-साथ आम लोगों के बीच बढ़ते तनाव का भी एहसास है। बांग्लादेश के वाणिज्य मंत्री टीपू मुंशी ने उन वस्तुओं की तत्काल आवश्यकताओं की एक सूची के साथ हाल ही में भारत का दौरा किया, जिनकी ढाका को सख्त जरूरत थी। इससे पहले दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने एक द्विपक्षीय समझौते पर काम करने पर सहमति व्यक्त की थी जो भारत से निश्चित मात्रा में आपूर्ति की गारंटी देगा।

बांग्लादेश की मजबूरी का आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है, यह देखते हुए कि सत्तारूढ़ अवामीलीग (एएल) पहले से ही अपने सबसे कट्टर प्रतिद्वंद्वी बीएनपी (बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी) के खिलाफ चुनाव पूर्व अभियान में लगी हुई है। इस प्रकार, चुनाव से पहले बांग्लादेश के लिए किसी प्रकार की खाद्य सुरक्षा हासिल करना, शत्रुतापूर्ण पश्चिम की नज़र में, सत्तारूढ़ एएल के लिए पहली प्राथमिकता है। वे पहले से ही घटनाक्रम पर बहुत बारीकी से नज़र रख रहे हैं!

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, नेपाल ने भारत पर कम से कम 100,000 टन चावल, 10 लाख टन धान और 50,000 टन चीनी की आपूर्ति करने का दबाव डाला है। जहां तक बांग्लादेश की बात है, वह 15,00,000 टन से अधिक चावल, 10,00,000 टन चीनी और 26,00,000 टन गेहूं का आयात करना चाहेगा। निकट भविष्य में इसके लिए पर्याप्त मात्रा में लहसुन, अदरक, प्याज और दाल की भी आवश्यकता होगी।

मंत्रियों और भारत सरकार के अधिकारियों ने संकेत दिया है कि भारत की अपनी मजबूरियों को देखते हुए वर्तमान स्थिति में इतनी मात्रा में खाद्यान्न आदि का निर्यात संभव नहीं हो सकता है। दोनों देशों से कहा गया है कि वे अपने प्रारंभिक आदेशों की मात्रा को यथासंभव कम करें। हालांकि, भारत ने हमेशा की तरह, अपने पड़ोसियों की ज़रूरत की घड़ी में उनके साथ खड़े रहने की प्रतिबद्धता दोहराई। हालिया वार्ता के बाद बांग्लादेश ने पहले ही भारत से आवश्यकताओं की एक संशोधित सूची जमा कर दी है। लेकिन नेपाल के साथ-साथ उसे अभी भी भारत पर भरोसा है कि वह प्रमुख रूप से उसकी मदद करेगा।

# हबीब तनवीर : जो अपने जीते जी गाथा पुरुष बन गए

■ ज़ाहिद ख़ान

बीसवीं सदी के चौथे दशक में मुल्क के अंदर तरक्क़ी पसंद तहरीक अपने उरूज पर थी। इप्टा के नाटक अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता और सरोकारों के चलते पूरे मुल्क में मक़बूल हो रहे थे। इप्टा से जुड़े हुये अदाकार-निर्देशकों ने हिंदोस्तान में पहली बार लोक नाट्य स्वरूपों को समकालीन सार्थक रूप में प्रस्तुत किया। हबीब तनवीर भी आज़ादी की जद्दोजहद के उस दौर में इप्टा के अभिन्न हिस्सा थे। एक वक्त तो ऐसा भी आया कि उन्हें इप्टा को पूरी तरह संभालना पड़ा। जन आंदोलन के दौरान साथियों की गिरफ़्तारी के बाद, कुछ ऐसे हालात बने कि इप्टा की सारी ज़िम्मेदारी तनवीर के ऊपर आ गई। साल 1948-50 के बीच उन्होंने नाटक लिखने के साथ-साथ उनका निर्देशन भी किया। अपने आत्मकथ्य 'ए लाईफ़ इन थियेटर' में हबीब तनवीर लिखते हैं, ''दरअसल निर्देशन मुझ पर आरोपित किया गया। वह मेरा चुनाव नहीं था, मेरा चुनाव तो अभिनय था।'' मुंबई में प्रगतिशील लेखक संघ के संस्थापक सज्जाद ज़हीर के घर होने वाली साप्ताहिक बैठकों में हबीब तनवीर नियमित तौर पर जाते थे। इन साहित्यिक बैठकों में तनवीर अपनी पुर—कशिश आवाज़ में शायरी पढ़ते, जो बहुत पसंद की जाती। उनकी ग़ज़लों का पहला सेट जिसमें छह ग़ज़लें शामिल थीं, अली सरदार जाफ़री द्वारा संपादित उर्दू के मक़बूल रिसाले 'नया अदब' में एक साथ शाए हुईं।

1 सितंबर, 1923 में अविभाजित मध्यप्रदेश के रायपुर में जन्मे हबीब अहमद ख़ान की शुरुआती तालीम रायपुर में हुई। शायरी से लगाव के चलते, उन्होंने 'तनवीर' अपना तख़ल्लुस चुना। नाटक में पूरी तरह उतर जाने के बाद, शायरी तो उनसे काफ़ी पीछे छूट गई। अलबत्ता 'तनवीर' उनके नाम के आगे हमेशा के लिए जुड़ा रहा। नागपुर के मॉरिस कॉलेज से उन्होंने बी.ए. किया। बाद में एम.ए. उर्दू के लिए अलीगढ़ गए और फ़िल्मों का शौक़ उन्हें आखिरकार, मुंबई ले आया। मुंबई में पैर जमाने के लिए उन्होंने जमकर संघर्ष किया। कई छोटे-मोटे काम किए। मसलन आकाशवाणी में संगीतात्मक रूपक, पत्र-पत्रिकाओं में फ़िल्मी समीक्षा, विज्ञापन फ़िल्मों की स्क्रिप्ट वगैरह लिखीं। तनवीर की जी तोड़ मेहनत ज़ल्द ही रंग लाई। थोड़े ही अरसे के बाद, उन्हें अपनी मंजिल-ए-मक़सूद यानी फ़िल्मों में भी मौक़ा मिल गया। लिहाज़ा उन्होंने फ़िल्मों में अदाकारी की और कई फ़िल्मों के गाने और संवाद भी लिखे।

बंबई में फ़िल्मों और पत्रकारिता में मसरूफ़ियत के बावजूद हबीब तनवीर प्रगतिशील लेखक संघ और इप्टा से जुड़े रहे। इप्टा से जुड़कर, उन्होंने कई नुक्कड़ नाटक लिखे और निर्देशित किए। 'शांतिदूत कामगार' उनका लिखा और निर्देशित पहला नाटक था। बीसवीं सदी के पांचवें दशक में हबीब तनवीर मुंबई से दिल्ली आ गए। यहां आकर उन्होंने अपना नाटक 'शतरंज के मोहरे' दोबारा लिखा और इसमें ख़ालिस लखनवी उर्दू ज़बान का इस्तेमाल किया। नाटक इस बार ज़्यादा कामयाब साबित हुआ। साल 1954 में लिखा 'आगरा बाज़ार' वह नाटक था, जिसने हबीब तनवीर को शोहरत की बुलंदियों पर पहुंचा दिया। अठारहवीं सदी के मशहूर अवामी शायर नज़ीर अकबरावादी की ज़िंदगी और रचनाओं पर आधारित नाटक 'आगरा बाज़ार' में उन्होंने न सिर्फ़ आम आदमी की ज़िंदगी और उसके रोज़मर्रा के सरोकारों को अपना विषय बनाया, बल्कि लेखन में भी वह मुहावरा और तरीक़ा बरता, जो पारंपरिक अभिजन कविता के आदाब और मौज़ूअ के बिल्कुल ख़िलाफ़ था।

हबीब तनवीर ने थिएटर की आला तालीम लंदन के प्रसिद्ध थिएटर स्कूल 'रॉयल अकादमी ऑफ ड्रामेटिक आर्ट्स' यानी 'राडा' से हासिल की। इस दरमियान उन्होंने यूरोप में तीन साल बिताए। इन तीन सालों में उन्होंने यूरोपीय रंगमंच को क़रीब से देखा। ख़ासकर बर्लिन में तो तनवीर ने आठ महीने गुज़ारे, जहां जर्मन नाटककार बर्तोल्त ब्रेख्त की नाट्य प्रस्तुतियां देखीं। बर्तोल्त ब्रेख्त के नाटकों से हबीब तनवीर ने काफ़ी कुछ सीखा। उनके नाटकों में हमें जो जनपक्षधरता दिखाई देती है, उसमें ब्रेख्त के नाटकों का बड़ा योगदान है। हिंदुस्तान वापसी पर तनवीर की पहली प्रस्तुति हिंदुस्तानी थिएटर के बैनर पर हुई। शूद्रक के संस्कृत नाटक 'मृच्छकटिकम्' के हिंदी अनुवाद 'मिट्टी की गाड़ी' को उन्होंने छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों के साथ रंगमंच पर उतारा। इस नाटक में उन्होंने पूरी तरह से लोक रंगमंच की पारंपरिक शैली और तकनीक का प्रयोग किया। नाटक को एक ख़ास हिंदोस्तानियत में ढाला। ज़ाहिर है, नाटक बेहद मक़बूल हुआ।

लोक अदब और लोक रिवायतों से हबीब तनवीर को बेहद लगाव था। उन्होंने कई लोक कथाओं को विकसित कर नाटक में तब्दील किया। मसलन 'जालीदार पर्दे'-रूसी लोक कथा पर आधारित है, तो 'सात पैसे'-चेकोस्लोवाकिया की लोककथा, 'अर्जुन का सारथी'-छत्तीसगढ़ी कहानी, 'गांव के नाव ससुराल, मोर नाव दामाद'-छत्तीसगढ़ी लोककथा, 'ठाकुर पृथ्वीपाल सिंह'-राजस्थानी लोककथा, 'चरनदास चोर'-राजस्थानी लोककथा, 'बहादुर कलारिन'-छत्तीसगढ़ी लोककथा, 'सोनसागर'-बिहारी लोककथा, 'हिरमा की अमर कहानी'-आदिवासी लोककथा पर आधारित नाटक हैं। इन नाटकों की ख़ासियत ये है कि तनवीर ने इन लोक कथाओं को सीधे-सीधे ड्रामा रूप में तब्दील नहीं किया है, बल्कि लोककथा के केन्द्रीय विचार को लेकर अपने हिसाब से नाटक में विस्तारित किया। इम्प्रोवाइज किया। यही नहीं इन नाटकों को उन्होंने मौजूदा परिवेश से भी जोड़ा, जो लोगों को ख़ूब पसंद आया।

साल 1959 में हबीब तनवीर ने नाटक के एक नये ग्रुप 'नया थिएटर' की नींव रखी। 'सात पैसे', 'रुस्तम सोहराब', मोलियर का 'द बुर्जुआ जेंटलमैन', 'मेरे बाद' वगैरह उनके इस ग्रुप के शुरुआती नाटक थे। दिल्ली में जीविकायापन के लिये हबीब तनवीर ने नाटक के साथ-साथ स्वतंत्र पत्रकारिता भी की। 'लिंक', 'स्टेट्समेन', 'पेट्रिएट' के लिये उन्होंने फ़िल्म समीक्षा, नाट्य समीक्षा आदि लिखीं। इस दरमियान 'संगीत नाटक अकादमी' ने तनवीर से उनके मशहूर नाटक 'आगरा बाज़ार' का पुनर्सृजन करने के लिए कहा। इस बार तनवीर ने 'आगरा बाज़ार' के संगीत में छत्तीसगढ़ी लोकधुनों के अलावा दीगर प्रयोग किए, जो काफ़ी हिट रहे। नाटक बेहद मक़बूल हुआ। नाटक के सैकड़ों शो हुए। गोयाकि 'आगरा बाज़ार' और हबीब तनवीर एक दूसरे के पर्याय हो गए। नाटक 'चरनदास चोर' तक आते-आते हबीर तनवीर ने अपनी एक अलग पहचान बना ली थी। उनके नाटक ख़ालिस छत्तीसगढ़ी मुहावरे में खेले जाते। 'अर्जुन का सारथी', 'गौरी-गौरा', 'चपरासी', 'गांव के नाव ससुराल, मोर नाम दामाद' आदि नाटक पूरी तरह से छत्तीसगढ़ी लोकनाट्य शैली नाचा में खेले गए। इन नाटकों को महानगरीय दर्शकों ने भी ख़ूब सराहा।

> हबीब तनवीर के हर नाटक में एक मक़सद है, जो नाटक के अंदर अंतर्धारा की तरह बहता है। मसलन नाटक 'आगरा बाज़ार' में भाषा और अदब के जानिब कुलीन और जनवादी नज़रियों के बीच कशमकश है, तो 'चरनदास चोर' सत्ता, प्रशासन और व्यवस्था पर सवाल उठाता है। 'हिरमा की अमर कहानी' और स्टीफ़न ज्वाईग की कहानी पर आधारित 'देख रहे हैं नयन' सियासी नाटक हैं, जो हर दौर में सामायिक रहेंगे।

साल 1975 में 'चरनदास चोर' के साथ ही तनवीर की शैली और प्रस्तुति ने अपनी पूर्णता पा ली। इसके बाद उन्होंने अपनी शैली को बिल्कुल नहीं बदला और आख़िर तक इसी शैली में नाटक खेलते रहे। नाटक 'चरनदास चोर' के कथ्य की ताज़गी और दिलचस्प व आकर्षक पेशकश ने पूरे मुल्क में तहलका मचा दिया। एक शुद्ध लोक कहानी को बिल्कुल नया रूप देकर, मौजूदा हालात से जोड़कर कैसे सामायिक बनाया जा सकता है ?, इसकी एक शानदार मिसाल है 'चरनदास चोर'। साल 1982 में एडिनबरा के विश्व ड्रामा फेस्टिवल में बावन मुल्कों के ड्रामों के बीच 'चरनदास चोर' की कामयाबी ने हबीर तनवीर और नया थिएटर को दुनियावी स्तर पर मक़बूल कर दिया। 'चरनदास चोर' के ज़रिए तनवीर ने ये साबित कर दिखाया कि लोक परंपराओं के मेल और देशज रंग पद्धति से कैसे आधुनिक नाटक खेला जा सकता है।

हबीब तनवीर द्वारा विकसित रंगमंच सिर्फ़ लोक रंगमंच ही नहीं था, बल्कि वह आधुनिक रंगमंच भी था। तनवीर आधुनिक दृष्टि वाले नाट्य निर्देशक थे। उनके पास इतिहास और सियासत की गहरी समझ थी। उनका लोककला में दिलचस्पी लेना और लोक मुहावरों में काम करना, वैचारिक फ़ैसला था। और अपने इस फ़ैसले पर वे आखिर तक क़ायम रहे। नाटक 'आगरा बाज़ार' से लेकर 'एक औरत हिपेशिया भी थी' तक उन्होंने दर्जन भर से ज़्यादा अर्थपूर्ण नाटक लिखे और निर्देशित किये। अपने नाटकों के ज़रिए वे दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ-साथ, उन्हें सम-सामयिक मुद्दों से भी जोड़ते रहे। हबीब तनवीर के हर नाटक में एक मक़सद है, जो नाटक के अंदर अंतर्धारा की तरह बहता है। मसलन नाटक 'आगरा बाज़ार' में भाषा और अदब के जानिब कुलीन और जनवादी नज़रियों के बीच कशमकश है, तो 'चरनदास चोर' सत्ता, प्रशासन और व्यवस्था पर सवाल उठाता है। 'हिरमा की अमर कहानी' और स्टीफ़न ज्वाईग की कहानी पर आधारित 'देख रहे हैं नयन' सियासी नाटक हैं, जो हर दौर में सामायिक रहेंगे। 'बहादुर कलारिन' में वे सामंतवाद पर वार करते हैं। नाटक 'जिन लाहौर नहीं देख्या, वो जन्मा ही नईं' हिन्दू-मुस्लिम सौहार्द्र पर और 'पोंगा पंडित' समाज में व्याप्त छुआ-छूत को उजागर करता है। 'मिट्टी की गाड़ी' में वे समाज को लोकसत्ता से जोड़ने की ठोस कोशिश करते हैं। ऐसा नाटक जिसका कोई मक़सद न हो उसके हबीब तनवीर खिलाफ़ थे। अपने जीते जी गाथा पुरुष बन जाने वाले हबीब तनवीर का रंगकर्म एक जुदा रंगकर्म था, जो हमेशा याद किया जाएगा।

## पावन प्रसंग

### मौन एक रक्षा कवच है

भारतीय मनुष्यों ने हमारी वाणी को वाक शक्ति बताया है। कहा जाता है जब कोई बोलता है तो वह मनुष्य और जब मौन हो जाता है तो देवता ज्ञानी है। यानी वाणी मनुष्य की भाषा है और मौन ज्ञानियों की भाषा है। वाणी में असीम शक्ति है परंतु मौन में उससे भी प्रचंड शक्ति है। मनुष्य अपने अंत:करण की शक्ति, प्राणों की शक्ति को बोलकर बिखेर देता है किंतु साधक मौन रहकर उस शक्ति को संवर्धन में उपयोग करता है। आत्म शक्ति को संवर्धन में उपयोग करते हैं और मौन द्वारा अपने भावों को अत्यधिक प्रभावकारी बना देता है। मूल व्यक्तित्व को अधिक प्रभावशाली और लोकप्रिय बनाता है। जो जितना कम बोलता है, उसकी वाणी उतनी ही प्रभावशाली होती है। मौन मनुष्य की सर्वप्रियता का एक अचूक साधन है। मौन रहने वाला कलह से, कटुता से बचता रहता है।

मौन एक रक्षा कवच है ज्ञानियों का भी और मूर्खों का भी, ज्ञानी मौन रहता है तो उसका वह गुण हो,आभूषण है और सत्य व्रत की रक्षा कर सकता है। लोकप्रियता को बनाए रख सकता है। लोग उसे समझदार समझते हैं। मूर्खता का ढक्कन है मौन। मौन कभी भी दूसरों को हानि नहीं पहुंचाता है,जबकि मनुष्य बोलकर कलह, विग्रह,विद्वेष,फूट और हिंसा को भड़काता है। दूसरों के दिलों में तीर चुभो सकता है जिससे खून खराबा होता है। उनमें भड़कीले भाषण उत्तेजक शब्द ही ज्यादा काम करते हैं। पहले बोली चलती है फिर गोली चलती है। अंडे देने के बाद मुर्गी यह मूर्खता करती है कि वह चहचहाने लग जाती है। उसकी चहचहाट सुनकर कौआ आ जाता है, वह उसके अंडे छीन लेता है जो वस्तुएं अपनी भावी संतान के खाने के लिए रखी थी उन्हें भी वह चट कर जाता है। अगर वह चुप रहती तो वह इन दोनों आफतों से बच सकती थी। यह बोलने का ही परिणाम है। संसार का इतिहास उठाकर देख लो, जितने भी अनर्थ हुए हैं, युद्ध हुए हैं, नरसंहार हुए हैं, उनके पीछे सबसे बड़ा कारण वाणी ही रही है। द्रौपदी अगर एक कटु वचन नहीं बोलती तो महाभारत की विनाश लीला नहीं होती, कुरुक्षेत्र में खून की नदियां नहीं बहती, विशाल सेना का नरसंहार क्यो हुआ? दशरथ अगर कैकयी को वचन नहीं देते तो न राम की जगह भरत का राजतिलक होता, न ही राम वनवास जाते और न ही रावण के साथ युद्ध होता। आज भी परिवार,राष्ट्र और किसी भी क्षेत्र में चले जाइये, जितने विग्रह, संघर्ष होते हैं, परिवार टूटते हैं,उनके मूल में कहीं न कहीं बोलना ही मुख्य कारण रहा है। सास-बहू के कलह अगर बहू मौन रख ले तो सास कितनी देर बोल सकेगी? अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता। बिना घास की चिंगारी किसको जलायेगी? सूखी जगह पर गिरी आग अपने आप बुझ जायेगी। अकेला व्यक्ति कलह नहीं कर सकता है।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

### भारत की आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति देश के आर्थिक विकास का पैमाना

भारत के कृषि, चिकित्सा,संचार और स्पेस अनुसंधान के वैज्ञानिकों ने यह प्रमाणित कर दिया है कि वैज्ञानिक उन्नत पद्धति देश की आर्थिक विकास की आधारशिला है और चंद्रयान तीन की चंद्रमा पर पहुंचने की महान सफलता ने न सिर्फ स्पेस रिसर्च में विश्व में भारत को अग्रणी पंक्ति में प्रथम स्थान दिलाया है बल्कि देश के आर्थिक विकास में भी महती योगदान दिया है। इसरो के साथ सभी क्षेत्र के वैज्ञानिकों को अनंत बधाइयां। सदियों से हर समाज गरीबी की कठिन परिस्थिति का सामना करता रहा है। गरीबी किसी मनुष्य को इस कदर मजबूर कर देती है कि वह अपने जीवन की जरूरी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाता है। इसके कारण भुखमरी, कुपोषण और साक्षरता, बेरोजगारी जैसी न जाने कितनी समस्याओं से गरीब इंसान झेलता है।

भारत जैसा विशाल जनसंख्या वाला देश कभी भूख से कराह रहा था, पर आज अनाज का निर्यातक बन कर 140 करोड़ जनता का पेट भी भर रहा है और अनाज निर्यात भी कर रहा है। भारत ने कृषि में नवीन यंत्रों को विकसित कर जो बेहतर तौर-तरीकों जैसे वैज्ञानिक प्रयोगों से ग्रीन रिवॉल्यूशन को लाकर खड़ा कर दिया। अब भारत में पर्याप्त अन्न का भंडार भारतीय जनमानस के लिए उपलब्ध है। यह निस्संदेह वैज्ञानिक तकनीक और दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है,जो हमारे लिए गौरव का विषय भी है। इसी तरह मानव के विकास की अहम आवश्यकता शिक्षा और कौशल तकनीक भी गरीबी निवारण के लिए अपरिहार्य बन गई है। यहां भी वैज्ञानिक तरीकों से लॉजिकल पाठ्यक्रम ऑनलाइन पढ़ाई आदि से गरीबी के कई आधार स्तंभ हटाए गए हैं। विज्ञान आधारित विकास से अब समाज में उद्योग सेवा क्षेत्र में कई नौकरियां तथा रोजगार के अनेक अवसर पैदा हो रहे हैं। विकास यानी गरीबी हटाने के घरेलू उपाय का अच्छा रोजगार देने में विज्ञान का योगदान बहुत ज्यादा रहा है,लगातार बढ़ती अर्थव्यवस्था में शिक्षा कौशल प्राप्त कर गरीब युवा भी बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकता है। सामाजिक आर्थिक क्षेत्र ही नहीं बल्कि प्रशासनिक राजनीतिक क्षेत्र भी वैज्ञानिक तकनीकी से गरीबी मिटाने के प्रयास में लगातार अनवरत प्रयत्नशील है। ई गवर्नेंस व स्मार्ट गवर्नेंस में व्यापक तौर पर पारदर्शिता जवाबदेही लाकर प्रशासन को बेहतर बनाने में मदद की है। यह भी गरीबी निवारण के लिए जरूरी सुशांत सुशासन का एक अहम हिस्सा है। विज्ञान तकनीकी आधारित विकास ने हमारी गरीबी का स्तर घटाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रभाव महसूस किया जा रहा है। अब इस बात की जरूरत है कि दुनिया के विकास के मॉडलों में सामाजिक मूल्य कमजोर वर्गों के प्रति करुणा विविध धर्म, संप्रदाय आदि क्षेत्र का सम्मान जैसी बातें भी शामिल हो। अब विकास का ऐसा मॉडल विकसित हो जाना चाहिए जो समाज को पर्यावरण प्रेम, नागरिक मानवीय कर्तव्य, नैतिक मूल्य का भी पाठ पढ़ाए ताकि समस्त सामाजिक वर्ग का विकास एक साथ सबके साथ हो सके। दुनिया के हर महत्वपूर्ण अर्थशास्त्री विकास के मॉडल में विज्ञान की तकनीकी का प्रयोग अत्यंत एवं आवश्यक मानते हैं। अब विकास के साथ विज्ञान और मूल्य का सही संयोजन जरूरी है ताकि असमानता के स्थान पर सभी का विकास संभव हो सके।

विज्ञान की अथाह क्षमता तथा शक्ति का सदुपयोग विकास के पथ को तीव्र सरल तथा उच्च उत्पादकता वाला बनाना होगा। गरीबी की दर्दनाक पीड़ा पर यह मरहम लगाकर उसे हटाने का बेहतर साधन भी बन सकता है। वैज्ञानिक तकनीक के साथ यदि मानवीय संवेदनाओं का समावेश हो तो यह कई गुना अधिक सफल बन सकती है। ऐसे में येन केन प्रकारेण धन कमाने की लिप्सा और शोषण की सोच की जगह सर्वे भवंतु सुखिन: जैसी सकारात्मक भावनाएं समाज में व्याप्त हो तभी विकास की सही दिशा को कोई भी राष्ट्र प्राप्त कर उस देश की गरीबी को हटाने में सफल हो सकता है।

**संजीव ठाकुर**

# खंड पंचायत अधिकारी ने फर्जीवाड़ा कर करोड़ो की शासकीय भूमि कराई अपने नाम

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले में भूमाफियाओं के साथ-साथ शासकीय कर्मचारी भी शासकीय जमीन के रिकार्ड में हेरा फैरी कर उक्त जमीन को अपने तथा परिजनो के नाम कराने में पीछे नही है। इसी प्रकार का मामला पन्ना तहसील अन्तर्गत ग्राम मडला का प्रकाश में आया है। जहां के निवासी जनपद पंचायत पन्ना में पदस्थ खंड पंचायत अधिकारी घनश्याम शर्मा द्वारा शासकीय रिकार्ड में फैरा फैरी कराकर व्यवस्थापन के दौरान करोडो की जमीन अपने तथा परिजनो के नाम करा ली है। जिसमें आलीशान भवन बना लिये गयें है तथा कई एकड जमीन पर वृक्षा रोपण करके कब्जा कर लिया गया है। उक्त मामले को लेकर स्थानीय निवासी जगदीश प्रसाद तिवारी ग्राम मडला ने जिला कलेक्टर हरजिंदर सिंह को आवेदन देते हुए बताया कि ग्राम मडला पटवारी हल्का नम्बर 9 तहसील पन्ना में आर आजी खसरा नम्बर 572, 577 रकवा 0.67, 1.20 हैक्टेयर भूमि जो मप्र शासन चरनोई के नाम दर्ज थी।

भूमि बंदोबस्त मिशल खसरा वर्ष 1984-85 में शासकीय दर्ज थी उक्त जमीन को वर्ष 1990-91 में बंदोबस्त अधिकारी के राजस्व प्रकरण क्रमांक 296/अ/6 27 सितम्बर 1991 में सहायक बंदोबस्त अधिकारी प्रकरण क्रमांक 306 दिनांक 02/04/1991 के द्वारा चरनोई भूमि काटकर बंजर दर्ज किये जाने का आदेश किया गया। जो मप्र भू राजस्व संहिता धारा 237 का सीधा उल्लघंन है। यह आर आजी वर्ष 1991-92 के द्वारा नायब तहसीलदार के प्रकरण क्रमांक 35/अ-19 आदेश दिनांक 29 मई 1991 के द्वारा उक्त जमीन शासकीय से हटाकर बेवा मीरा देवी पति दरोगा प्रसाद शर्मा निवासी मडला के नाम कर दी गई। ज्ञात हो कि मीरा प्रसाद शर्मा के पति दरोगा प्रसाद शर्मा ग्राम पंचायत मडला में सचिव पद पर पदस्थ रहें है। जबकी वह मूल निवासी ग्राम जिगनी जिला हमीरपुर उत्तर प्रदेश के निवासी है। आवेदक ने आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त जमीन को शासकीय रिकार्ड में हेरा फैरी करके तत्कालीन नायब तहसीलदार द्वारा नियम से हटकर उक्त जमीन उनके नाम की गई है। ज्ञात हो कि दरोगा प्रसाद शर्मा के पुत्र घनश्याम प्रसाद शर्मा भी मडला में काफी दिनो तक सचिव के पद पर रहें है तथा वर्तमान में पंचायत खंड अधिकारी है। उनके द्वारा उक्त जमीन पर आलीशान मकान बना लिये गयें है। उक्त जमीन राष्ट्रीय राज्य मार्ग से लगी हुई है, जो वेश कीमती करोडो की जमीन है तथा खाली जमीन पर आज भी पेडे लगे हुए है। ज्ञात हो कि दरोगा प्रसाद शर्मा के चार पुत्र है जिनमें घनश्याम शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, सुशील शर्मा, पूनीत शर्मा आदि। स्थानीय लोगो तथा आवेदक जगदीश प्रसाद तिवारी ने उक्त शासकीय जमीन भू-माफिया से अलग करके शासन के नाम करने की मांग करते हुए संबंधितों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

### उपभोक्ता भंडार के पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र शुक्ला ने ठोका टिकट दावा

# पन्ना विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के एक दर्जन दावेदार



**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी की टिकिट के लिए एक दर्जन से अधिक दावेदार चुनाव लडने के लिए ताल ठोक रहें है। जिसमें सबसे सशक्त दावेदार के रूप मे उपभोक्ता भंडार के पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र शुक्ला ने भी टिकिट का दावा ठोक दिया है तथा वह कांग्रेस पार्टी से टिकिट की मांग कर रहें है। ज्ञात हो कि श्री शुक्ला जिला उपभोक्ता भंडार के अध्यक्ष के पद के साथ साथ अनेक पदो पर रहे है।

श्री शुक्ला सहकारिता के भी अनेक पदो पर रहें है। ज्ञात हो कि श्री शुक्ल के चाचा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. मोहनलाल शुक्ल ने प्रजामण्डल के माध्यम से आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया और जिले में पद ग्रहण न कर पार्टी की सेवा की। इस तरह श्री शुक्ल का परिवार कांग्रेस के लिये समर्पित रहा। आजादी के बाद कांग्रेस को विजयश्री दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका रहीं हैं। वह 1978 से 1983 तक भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं। सहकारिता के क्षेत्र में श्री शुक्ल जिला तथा प्रदेश स्तर के पदो पर रहकर उत्तरदायित्व का निर्वहन भलीभांति कर चुके हैं। वह पार्टी मे वर्ष 2006 से 2022 तक पीसीसी मेम्बर भी रहे हैं। वर्तमान में श्री शुक्ल कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त हैं। इसके अतिरिक्त जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं जिला सहकारी कृषि तथा ग्रामीण विकास बैंक, कृषि उपज मण्डी के संचालक रह चुके हैं। मप्र राज्य उपभोक्ता संघ के प्रतिनिधि तथा जिला स्तरीय 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्य रह चुके हैं। व्यापारिक क्षेत्र में शहर के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्र मे भी उनकी मजबूत पकड है। इनके अलावा पन्ना विधानसभा क्षेत्र से जो अन्य दावेदार दावेदारी कर रहें है उसमें पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिव्यारानी, शारदा पाठक, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य श्रीकांत दीक्षित, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह, वैश्य वर्ग से जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष मनोज केशरवानी, तथा पूर्व जनपद अध्यक्ष भरत मिलन पान्डेय, मुकेश जैन, पिछडा वर्ग से राज बहादुर पटेल के द्वारा भी दावेदारी की जा रही है। ज्ञात हो कि पन्ना विधानसभा को भाजपा का गढ माना जाता है, लेकिन बीच बीच में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियो ने भी जीत हासिल की है। सन् 1985 से लेकर 35 वर्ष में सिर्फ दो बार कांग्रेस पार्टी का विधायक बनें है जिसमें सन 1993 में लोकेन्द्र सिंह तथा 2008 में श्रीकांत दुबे विधायक चुने गये थें। 1985 के पूर्व कांग्रेस पार्टी के विधायक चुने जाते रहें लेकिन 35 वर्ष में दस वर्ष छोडकर 25 वर्ष भाजपा के विधायक बनें है। वर्तमान में पन्ना विधानसभा से विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह है तथा वह भाजपा सरकार में खनिज तथा श्रम मंत्री है। इसलिए ऐसा अनुमान है कि इस बार भी भाजपा द्वारा उन्ही को टिकिट दी जायेगी। इसलिए उनके सामने सशक्त उम्मीदवार की आवश्यकता है। पन्ना विधानसभा में 290 पोलिंग बूथ है तथा पन्ना विधानसभा में 2 लाख 40 हजार के करीब मतदाता है।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व आयोजन के संबंध में हुई बैठक, समुचित व्यवस्थाओं के निर्देश



**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर हरजिंदर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आगामी श्री बल्देव जी हलषष्ठी महोत्सव और श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की आवश्यक तैयारियों के संबंध में बैठक हुई। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में क्रमशः पर्व की तैयारियों और रूपरेखा पर चर्चा कर प्रशासन एवं समिति के सहयोग से इस वर्ष भी कार्यक्रम के बेहतर आयोजन का निर्णय लिया गया। कलेक्टर ने समिति के सदस्यों से परिचय प्राप्त कर बेहतर माहौल में त्यौहारों के आयोजन की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि मंदिर जन आस्था के स्थल हैं। पर्व के दौरान बेहतर साफ सफाई की व्यवस्थाओं सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने मार्ग स्थल पर बेहतर यातायात व्यवस्था, चिकित्सक एवं मेडिकल टीम की तैनाती, फायर बिग्रेड सहित मिष्ठान सामग्रियों की जांच के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम को निर्देशित करने के संबंध में कहा। उन्होंने कहा कि सभी मंदिरों में अग्निशमन उपकरण और सीसीटीव्ही कैमरा की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। कन्ट्रोल रूम के माध्यम से निगरानी सहित विभिन्न दायित्वों के लिए टीम की तैनाती और वॉलेंटियर्स उपलब्ध कराने के संबंध में निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए भीड़ प्रबंधन और बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए ट्रैफिक प्लान तैयार करें। इसके अलावा राजस्व और पुलिस अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा भी आयोजन स्थल पहुंचकर अवलोकन किया जाएगा। बैठक के अवसर पर उपस्थितजनों से आवश्यक सुझाव भी प्राप्त किए गए।

बताया गया कि श्री बल्देव जी मंदिर में श्री बल्देव उत्सव के तहत 5 सितम्बर को दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव, 10 सितम्बर को रात्रि 8 बजे छठ उत्सव और 11 सितम्बर को रात्रि 10 बजे से भण्डारा एवं महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। इसी तरह श्री जुगल किशोर जी मंदिर पन्ना में 7 सितम्बर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी रात्रि 12 से 1 बजे तक, 8 सितम्बर को दधिकांदो कार्यक्रम दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक और भण्डारा एवं महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम रात्रि 10.30 बजे से 1 बजे तक होगा। इसके अलावा 12 सितम्बर को छठ उत्सव रात्रि 12 बजे से 1 बजे तक और 22 सितम्बर को राधाअष्टमी का कार्यक्रम दोपहर 2.30 बजे से 3 बजे तक होगा। श्री गोविन्द जी मंदिर में भी जन्माष्टमी का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यहां 7 सितम्बर को रात्रि 11.30 बजे श्री कृष्ण जन्माष्टमी और 12 सितम्बर को रात्रि 9 बजे से छठ उत्सव मनाया जाएगा। जन्माष्टमी पर्व पर संस्कृति विभाग द्वारा श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में शाम 7 बजे से भक्ति पर्व कार्यक्रम के तहत श्री कृष्ण आधारित लोक गायन, आल्हा गायन और श्री कृष्ण भजन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है।

### नौगांव थाना क्षेत्र के बिलहरी गांव में हुई वाहन दुर्घटना

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार पिता पुत्री गंभीर घायल,



- **हालत खराब होने पर झांसी मेडिकल कॉलेज रैफर**

नौगांव, देशबन्धु। नौगांव थानांतर्गत शहर की सीमा से लगे ग्राम बिलहरी से गुजरे स्टेट हाइवे लिंक रोड पर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित फॉरच्यूनर कार ने बाइक सवार पिता पुत्री को टक्कर मार दी। अनियंत्रित कार बाइक में टक्कर मारते हुए सड़क किनारे रखी राखी एवं मिठाई की दुकान में घुस गई। टक्कर से पिता पुत्री दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को सिविल अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने घायलों को हालत खराब होने पर झांसी मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार एक काले रंग की फॉरच्यूनर कार महोबा रोड से नौगांव तरफ आ रही थी, तो वहीं झींझन टपरियन निवासी हाकम यादव उम्र 35 वर्ष अपनी 14 वर्षीय बेटी रमा यादव के साथ हीरो डीलक्स बाइक क्रमांक एमपी 16 एमएस 1984 से बिलहरी गांव में सड़क किनारे खुली राखी एवं मिठाई की दुकान से खरीददारी करने के बाद जैसे ही आगे बढ़ा अनियंत्रित फॉरच्यूनर बाइक सवार पिता पुत्री टक्कर मारते हुए राखी एवं मिठाई की दुकान में घुस गई। अनियंत्रित फॉरच्यूनर कार की टक्कर से बाइक सवार पिता पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए तो वहीं कार घुसने से दुकान का सामान बिखर गया। अनियंत्रित कार आगे जाकर रखी ईंटों से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को सिविल अस्पताल लाया गया। अस्पताल में डॉक्टर की टीम ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल हाकम यादव, पुत्री रमा यादव की हालत खराब होने पर मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया खनिज मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह का जन्म दिन

**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना विधानसभा के विधायक तथा मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह का जन्मदिन भाजपा के कार्यकर्ताओं ने उल्लास के साथ मनाया तथा शुभ कामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए साफा बाधकर मिठाई खिलाई। जिले भर से कार्यकर्ता स्थान लवकुश वाटिका मे एकत्रित हुए थे। उक्त कार्यक्रम नगर मंडल अध्यक्ष तथा अन्य साथियों द्वारा आयोजित द्वारा आयोजित किया गया था।



उक्त कार्यक्रम में अनेक लोग शामिल रहें। विजय तिवारी, सौरभ ओमरे, महेश साहू, रत्नेश पटेरिया दिलीप शिवहरे आदि।

# धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

**पन्ना, देशबन्धु।** रक्षाबंधन का त्योहार जिले में धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाइयों के कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर रक्षा का संकल्प दिलाया। लोगों ने बुधवार को भद्रा होने से कारण रक्षाबंधन का पर्व गुरुवार को मनाया। सुबह लोगों ने स्नान आदि के बाद तैयार होकर बहनों से कलाई पर राखी बंधवाई। राखी बांधने से पहले बहनों ने भाइयों का मुंह मीठा किया और तिलक लगाया। भाइयों ने बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। मान्यता है कि एक ऐसा पावन पर्व है जो भाई.बहन के पवित्र रिश्ते को पूरा आदर और सम्मान देता है। रक्षाबन्धन आत्मीयता और स्नेह के बन्धन से रिश्तों को मज़बूती प्रदान करने का पर्व है।



# विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर दिया मतदान करने का संदेश

**भोपाल, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत युवाओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक करने के लिए आईईएस विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी ऋतुराज सिंह के मुख्य आतिथ्य तथा आईईएस के विश्वविद्यालय सीईओ देवांग सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मतदान के इतिहास एवं मौलिक लोकतांत्रिक विशेषाधिकार के सम्बन्ध में युवाओं को अधिक से अधिक मतदान करने तथा वोटर आईडी बनवाने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रदर्शन किया। साथ ही एडीआर संस्था के स्वयं सेवकों द्वारा लोगों को निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर हस्ताक्षर वाल पर सभी ने मतदान करने तथा औरों को प्रेरित करने के लिए संकल्प कर हस्तक्षर किये। इस मौके पर 2 सौ विद्यार्थियों के मतदाता परिचय पत्र बनावाए गए।

### ब्लाक स्तर पर भी आवास व्यवस्था

**भोपाल, देशबन्धु।** पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने के लिये पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा विद्यार्थियों की आवासीय सुविधा के लिये विशेष व्यवस्था की गई है।

# संत हिरदाराम नेत्र सेवा सम्मान सिलीगुड़ी वृहत्तर लॉयन्स नेत्र चिकित्सालय को



**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट ने गुणवत्ता पूर्ण नेत्र सुरक्षा सेवाओं के क्षेत्र में नवाचारी प्रयोगों को सफलतापूर्वक कार्यान्वित करने पर देष के विभिन्न नेत्र चिकित्सा संस्थानों को प्रतिवर्ष सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इस हेतु संत हिरदाराम नेत्र सेवा सम्मान की स्थापना की गई है । वर्ष 2023 का प्रथम संत हिरदाराम नेत्र सेवा सम्मान पष्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी वृहत्तर लॉयन्स नेत्र चिकित्सालय को दिया गया है । नीमच स्थित गोमाबाई नेत्रालय में गत दिवस आयोजित सम्मान समारोह मेंआईएनजीओ विज़न 2020 राईट टु साईट इण्डिया के अध्यक्ष आर एन मोहन्ती, सीईओ डॉ. फणिन्द्र बाबू नुकेला ने यह सम्मान सिलीगुड़ी वृहत्तर लॉयन्स नेत्र चिकित्सालय के सीईओ डॉ. राजेष सैनी को प्रदान किया ।

कार्यक्रम में गोमाबाई नेत्रालय के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, सेसनेचि के प्रबंधन ट्रस्टी एल. सी. जनियानी और कन्सल्टेन्ट कर्नल डॉ. मदन देषपाण्डे विषेष रूप से उपस्थित थे।


## शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय सागर

फोन नं. -07582-292201

**निविदा आमंत्रण पत्र**

निविदा क्रमांक 1979 दिनांक 31.08.2023

शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय सागर में सिक्युरिटी गार्ड की सेवा हेतु अनुभवी एवं योग्य फर्मो से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र शुल्क, अमानत राशि, निविदा प्रपत्र जमा करने एवं खोलने की तिथि निम्नानुसार है-

निविदा प्रपत्र शुल्क-500/-

अमानत राशि 5000/- (बिना ब्याज के वापसी योग्य)

निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि- 21.09.2023 (दोपहर 2.00 बजे तक)

निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 21.09.2023 (शाम 5.00 बजे तक)

निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि- 23.09.2023 (दोपहर 2.00 बजे)

उपरोक्त निर्धारित तिथि को अपरान्ह 5.00 बजे तक निविदा प्रस्ताव बंद लिफाफे में शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय सागर कार्यालय में जमा किया जा सकता है। अपरान्ह 5.00 बजे के बाद प्राप्त निविदा को स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा संबंधित अधिक जानकारी के लिए नियम शर्ते एवं निविदा प्रपत्र शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय सागर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**श्री नितिन शर्मा**
**जनभागीदारी समिति अध्यक्ष**
**शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय सागर**

**डॉ. संजीव दुबे**
**प्राचार्य**
**शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय सागर**


# राष्ट्रीय खेल दिवस पर किया विद्यार्थियों की दौड़ का आयोजन



**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले विश्वविख्यात खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस राष्ट्रीय खेल दिवस पर मंगलवार को मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में मिनी दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के कक्षा 6वीं से 11वीं तक के लगभग 400 प्रतिभागियों ने भाग लेकर खेल दिवस के उत्साह को प्रकट किया।

लगभग 6 किलोमीटर की यह दौड़ विद्यालय परिसर से शुरु हुई और हलालपुर बस स्टैंड तक जाने के बाद पुनः विद्यालय परिसर में आकर संपन्न हुई। विद्यार्थियों में दौड़ को लेकर उत्साह, उमंग, उल्लास देखते ही बनता था। सभी प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी क्षमतानुरूप प्रदर्शन करते हुए दौड़ को पूर्ण किया। समापन पर सिद्ध भाऊ ने मैराथन में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को बधाई दी तथा खेल के महत्त्व को समझाते हुए जीवन में शारीरिक एवं मानसिक संतुलन बनाए रखते हुए राष्ट्रीय निर्माण में अपना योगदान देने हेतु अपील की। संस्था सचिव ए.सी. साधवानी ने प्रतिस्पर्धा को अनुशासित एवं निष्ठा के साथ पूर्ण करने हेतु आग्रह किया। संस्था के अकादमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी ने कहा कि हर विद्यार्थी को मेजर ध्यानचंदके जीवन से खेल के प्रति निष्ठा के साथ राष्ट्रभक्ति की भावना भी अपने स्वभाव में उतारना चाहिए। विद्यालय प्राचार्य अजय बहादुर सिंह एवं उप-प्राचार्या श्रीमती आशा चंगलानी ने मिनी मैराथन के सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर संस्था उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, सहसचिव कन्हैया लाल रामनानी, कोषाध्यक्ष भगवान दामानी, जीव सेवा संस?थान के सचिव महेश दयारामानी, नवयुवक परिषद के महासचिव थावर वरलानी, प्रशासनिक अधिकारी भगवान बाबानी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री सृष्टि राज एवं श्रीमती दुर्गा मिश्रा द्वारा किया गया।

## हनुमान चालीसा पाठ निरंतर जारी



**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** युवाओं द्वारा हनुमान चालीसा पाठ निरंतर जारी है । यह पाठ प्रत्येक शनिवार रामेश्वर नगर बुढ़ाखेड़ा स्थित मंदिर पर रात्रि साढ़े 8 बजे किया जाता है। भाजपा युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष दीपक मेहर ने बताया कि संत नगर धोबी घाट, संकट मोचन मंदिर बेहटा गांव, गुफा मंदिर लालघाटी, गांधीनगर और भी कई जगह ये पाठ प्रारंभ हो चुका है और निरंतर ही जारी है। हनुमान चालीसा पाठ में शामिल होने वाले युवाओं की संख्या लगभग 150 हो गई है। इनमें हर क्षेत्र से युवा शामिल है। इनमे मुख्य रूप से तरुण नामदेव, अर्पित राजपूत, धीरज सिसोदिया, यश रॉय, निखिल रजक, सचिन मेहर, निखिल मेहर, सोनू सेन, विनय राउत, ललित सिसोदिया, नितेश नाथ, आदित्य सिंह राठौर, हर्ष राजपूत आदि मौजूद रहते है। पाठ के बाद 10 मिनिट क्षेत्र के विभिन्न विषयों पर चर्चा होती है। हमारा लक्ष्य सभी को धर्म के प्रति जागरूक करना है, युवा गलत राह पर न जाएं एवम राष्ट्र व धर्म के प्रति अपनी सेवाएं देते रहे। हमारा उद्देश्य है कि सफ्ताह में एक बार किसी भी क्षेत्र में ये पाठ जरूर करे।

### यह रहे विजेता

दौड़ में प्रथम स्थान समीर सिद्दकी (11वीं), दूसरा स्थान सौरांश यादव (8वीं) एवं तीसरा स्थान तन्मय सोनकर (8वीं) ने प्राप्त किया। सात अन्य विद्यार्थियों को सांत्वना पुरूस्कार दिये गये। दूसरी कड़ी में कक्षा एक से पाँच तक के विद्यार्थियों हेतु आंतरिक खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई और विद्यार्थियों को पुरूस्कृत किया गया।


## OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL PANNA M.P

S.No. /3054/ Public works section/Mu.Co.Panna/2023 Panna Date 29.08.2023

**TENDER INVITING NOTICE**

On Line Tender is Invited For Following Works the Discription Of Works Can be Seen On www.mptender.gov.in

| S. No | Tender No | NIT. No | Name of Work | UNIT RATE | Earnest Money | Completion period (Month) | Cost of bid Document |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2023_UAD_ 303311_1. | 3054 | construction and Develpoment work of jugal kishor lok including all temple at panna town. (DPR) | In Percentage (%) Basis | 10000/- | 30 Days | 2000/- |
| 02 | 2023_UAD_ 303317_1 | 3055 | construction and development work templewalk in panna town with improvement of home stay in panna (DPR) | In Percentage (%) Basis | 10000/- | 30 Days | 2000/- |

1-Interested bidders can view only the detailed NIT & Other document on website https://www.mptender.gov.in/ (Department Name: "Urban Administration & Development Department"), Any Amendment of tender in show only website.

2- Tender documents can be purchased only online at https://www.mptender.gov.in from 31.08.2023 17:30 (time)TENDER END DATE 19.09.2023 (date) to 17:30 by making online payment for Tender Document Cost plus Service & Gateway Charges as per key dates. Standard Schedule of Rates (ISSR) of Urban Administration & Development Department, effective from 02 AUGUST 2021:

**CHEIF MUNICIPAL OFFICER**
**MUNICIPAL COUNCIL PANNA (M.P)**

# स्कूली बच्चों को शिक्षा देने के लिए खरीदे गए मोबाईल, टैबलेट अनुपयोगी हो रहे साबित




**टीकमगढ़/जतारा, देशबन्धु।** सरकारी स्कूलों में बच्चों को बेहतर शिक्षा देने और वहां के हालात सुधारने के लिए सरकार के द्वारा भले ही लाखों रुपए खर्च कर शिक्षकों को मोबाइल टैबलेट उपलब्ध कराई गई है, लेकिन सरकारी स्कूलों में विभाग की लापरवाही से वह उपयोगी साबित हो रहे हैं। जिसका जीता-जागता उदाहरण जिले में देखने को मिल रहा है।

बताते चलें कि 6 माह पहले शासन के निर्देश में प्रत्येक सरकारी स्कूल के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा के स्तर में सुधार लाने और शैक्षणिक गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशन में जिले सभी प्राथमिक शिक्षकों को मोबाइल टैबलेट खरीदने के लिए शासन के द्वारा निर्देश जारी किए गए थे। जिसके लिए प्रत्येक शिक्षक के द्वारा मोबाइल टैबलेट खरीदने के बाद राज्य शिक्षा केन्द्र के द्वारा कोई भी क्षेत्र गतिविधियां शिक्षा से संबंधित जारी नहीं की गई, न ही कोई भी पाठ्यक्रम जारी किया गया है, ताकि विद्यालयों में शिक्षक बच्चों को मोबाइल टैबलेट कंप्यूटर कारण शिक्षा के माध्यम से उनको शिक्षा दे सके। इसके लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण भी दिया जाना था, वह भी नहीं दिया गया। इतना जरूर है कि शिक्षकों के द्वारा मोबाइल टैबलेट खरीदने के बाद उनके बिल जनपद शिक्षा केंद्र में प्रस्तुत करने के बाद शिक्षकों के खाते में मोबाइल खरीदने के उपरांत दस हजार रुपए की राशि शासन के द्वारा उनके खाते में पहुंचाने का जरुर किया गया है। लेकिन जिले के जतारा में लगभग पांच सौ से अधिक शिक्षकों ने मोबाइल टैबलेट फोन खरीदें गई थे, जबकि पलेरा विकास खण्ड के 308 प्राथमिक विद्यालय पांच सौ शिक्षकों ने मोबाइल फोन टैबलेट खरीदने थे, जिससे दोनों विकास खण्ड में लगभग एक हजार प्राथमिक शिक्षकों ने शासन के निर्देश का पालन कर मोबाइल टैबलेट खरीदने का काम किया गया है, लेकिन इसका उपयोग सरकारी स्कूलों में बच्चों को शिक्षा देने की बजाए। इसका उपयोग शिक्षकों के बच्चे और उनके परिजनों के काम आ रहें हैं।

इस मामले को लेकर जब राजएक्सप्रेस की टीम ने सरकारी स्कूलों के शिक्षकों से बातचीत की, तो उनका कहना है कि अभी तक शासन के द्वारा इस मामले को लेकर कोई भी गाइड लाइन जारी नहीं की गई है। कि इसका उपयोग खेलकूद प्रतियोगिता का पाठ्यक्रम दिखाने या शिक्षा से संबंधित कोई वीडियो या ऑनलाइन क्लास ज्वाइन करने के लिए उपयोग करना है। इस मामले को लेकर शासन के द्वारा अभी तक कोई गाइडलाइन जारी नहीं की गई। न कोई प्रशिक्षण दिया गया है। इतना जरूर है कि शिक्षक गतिविधियों को सुधार लाने और बच्चों की उपस्थित और पाठ्यक्रम की जानकारी भेजने के लिए मोबाइल टैबलेट खरीदी गई, लेकिन इसका अभी भी उपयोग नहीं हो रहा है। शिक्षकों के द्वारा अभी भी अपने निजी मोबाइल फोन के माध्यम शैक्षणिक व्यवस्था और उपस्थिति और बच्चों की उपस्थिति की जो प्रक्रिया पहले से चल रही है। वह जरूर निजी मोबाइलों के माध्यम से जा रही है, लेकिन जो सरकारी टैबलेट एक हजार शिक्षकों के द्वारा खरीदे गए हैं, उसका कोई उपयोग नहीं हो रहा है, यह अनुपयोगी साबित हो रहे हैं।

## शिक्षकों को टैबलेट खरीदना अनिवार्य

शैक्षणिक व्यवस्थाओं को सुधार लाने के लिए अब प्राथमिक शिक्षकों के बाद उच्च शिक्षकों और प्राथमिक शिक्षकों को भी विद्यालय में मोबाइल टैबलेट खरीदना अनुवारी कर दिया गया है। जिसको लेकर भी शासन ने आदेश जारी कर दिया है। पलेरा विकासखंड में अभी तक 38 उच्च शिक्षकों के द्वारा वेरिफिक्रेशन करा लिए गए। सभी शिक्षकों के द्वारा मोबाइल टैबलेट खरीदने के बाद बच्चों को ऑनलाइन भी शिक्षा देंगे, जिसको लेकर भी विभाग की तैयारी चल रही है।

## क्या कहते हैं अधिकारी-कर्मचारी

इस संबंध में सीएम राइज विद्यालय जतारा के प्राचार्य एमएल अहिरवार ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय शिक्षकों को मोबाइल टैबलेट फोन पर बच्चों को शैक्षणिक जानकारी उपलब्ध करानी है, उसकी जानकारी जनशिक्षक ही बता सकते हैं। वहीं इस संबंध में जनशिक्षक अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि शासन की निर्देशक अनुसार बच्चों को शिक्षण गतिविधियां और पाठ्यक्रम को पूरा करने के उद्देश्य को लेकर क्या टैबलेट उपलब्ध कराई गई है, अब इसका उपयोग हो रहा है, या नहीं हम पता। बम्होरी कलां संकुल के जनशिक्षक अमित चतुर्वेदी ने बताया कि हमारे जनशिक्षा केन्द्र अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों के शिक्षकों ने मोबाइल टैबलेट खरीदने है, ताकि स्कूल में बच्चों को शैक्षणिक कार्य कराया जा सके। साथ ही शिक्षक अपने विद्यालय की शैक्षणिक जानकारी भी स्वयं फीडिंग कर भेज सके।

## इनका कहना है-

इस संबंध में पलेरा बीआरसीसी भानू श्रीवास्तव ने बताया कि सभी प्राथमिक विद्यालय शिक्षकों ने मोबाइल फोन टैबलेट खरीदने लिए गए थे, जिसमें अभी तक खाता संख्या गलत होने के कारण 89 शिक्षकों का भुगतान नहीं किया गया है और पांच सौ शिक्षकों का भुगतान किया जा चुका है। राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देश प्राप्त होते विद्यालय में उपयोग होने लगेगा। 38 उच्च शिक्षकों ने भी वेरिफिकेशन कराया है।

इस संबंध में जतारा बीआरसी के सीएसी उत्तम सिंह पायक ने बताया कि विकास खण्ड सभी प्राथमिक शिक्षकों ने मोबाइल टैबलेट खरीदने लिए गए हैं, लेकिन इसके उपयोग के लिए अभी तक कोई राज्य शिक्षा केन्द्र के द्वारा गाइडलाइन जारी नहीं की गई है।

# पटवारियों की कलम बंद हड़ताल से किसान सहित आमजन परेशान




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मप्र पटवारी संघ के आव्हान पर सभी तहसीलों के पटवारी संघ ने गुरूवार को भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे। पिछले चार दिनों से लगातारत पटवारी कलमबंद हड़ताल पर बैठे हुए है। जिससे राजस्व के कार्य प्रभावित होने लगे है। पटवारियों के हड़ताल पर चले जाने से तहसीलों में नामांतरण, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निर्वाचन के कार्य, फसल गिरदावरी, पीएम, सीएम फसल बीमा योजना के भुगतान और पुलिस के साथ घटना स्थल पर पंचनामा बनाना आदि कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

गौरतलब है कि पटवारियों के हड़ताल पर चले जाने से किसानों, आम नागरिकों को राजस्व संबंधी काम के लिए खासा परेशान होना पड़ेगा। पटवारियों ने अपने बस्ते तहसील कार्यालय को सौंप दिये थे। मप्र शासन ने पटवारियों की मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया। अब बीते 28 अगस्त से सभी पटवारी अनिश्चितकालीन कलमबंद, लैपटाप बंद हड़ताल शुरू कर दी है। पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रका प्रसाद समारी ने कहा कि पटवारी संघ लगभग 25 साल से ग्रेड-पे और प्रमोशन की मांग कर रहा है, लेकिन हमारी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पटवारी संघ के सचिव निरंजन शर्मा ने कहा कि पटवरियों को 1988 में निर्धारित किए गए। वेतनमान के अनुसार ही वर्ष में वेतन दिया जा रहा है। ऐसे में पटवारियों की प्रमुख मांग 2800 ग्रेड-पे की है। साथ ही पटवारियों को प्रत्येक 10 वर्ष में ग्रेड.पे के सापेक्ष समयमान वेतन दिया जा रहा है, जबकि विधि अनुसार पद के सापेक्ष समयमान वेतन दिया जाना चाहिए। इसके अलावा पटवारियों को पदोन्ति का भी लाभ नहीं दिया जा रहा है। पटवारी पद पर नियुक्ति एवं पटवारी पद से ही सेवानिवृत्ति हो जाती है। ऐसे में वरिष्ठ पद पदोन्नति से भरे जाने की मांग और विगत 10 बर्षों से पटवरियों के भत्तों में कोई वृद्धि नहीं की गई है। जिसमें गृह भाड़ा भत्ता अन्य कर्मचारियों की भंति वेतन का निर्धारित प्रतिशत अनुसारए अतिरिक्त हल्का का भत्ता 10000 रूपये, यात्रा भत्ता 3000 रूपये, अन्य विभागों के कार्य के लिए भत्ता 5000 रूपये, मोबाइल एवं डाटा भत्ता 1000 रूपये, कार्यालय भत्ता 2000 रूपये प्रतिमाह किए जाने की मांग शामिल है।

# कलारी के सामने 2 पक्षों में हुआ विवाद, 2 लोग हुए घायल

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्होरी की कलारी के सामने 29 अगस्त की रात को दो पक्षों में विवाद हो गया। यह विवाद इतना बड़ा कि जमकर लाठी डंडे चले। इस घटना में दो लोग घायल हो गए। जिन्होंने जिला अस्पताल में उपचार कराने के बाद रिपोर्ट की गई। पुलिस ने आरोपियों पर मामला दर्ज किया।

पीड़ित त्रिलोक सिंह पिता कन्हैया लाल लोधी उम्र 28 साल निवासी सेमरा जिला ललितपुर ने अपने दोस्त चालीराजा निवासी सेमरा ललितपुर व भूपेन्द्र राजपूत निवासी मरगुवां थाना लिधौरा के साथ पुलिस थाने में आकर रिपोर्ट की गई। जिसके अनुसार 29 अगस्त की रात को पीड़ित युवक त्रिलोक अपने दोस्त चाली के साथ रिश्तेदारी में ग्राम मरगुवां में जा रहा था। जैसे ही यह तीनों रात के 10 बजे बम्होरी तिगैला पर पहुंचे। तब पीड़ित ने अपने रिश्तेदार भूपेन्द्र को फोन कर बुलाया और यह दोनों पैदल जब बम्होरी कलारी के सामने पहुंचे, तो बम्होरी गांव के अशोक अहिरवार, नरेन्द्र अहिरवार व छोटू अहिरवार इन लोगों के साथ गाली गलौज व झगड़ा करने लगे। पीड़ितों ने गाली देने से मना किया, तो उन लोगों ने लाठी डंडे से जमकर मारपीट कर दी। इस घटना में दोनों दोस्त घायल हो गए। पीड़ितों के रिश्तेदारों ने मौके पर आकर इनको बचाया। दोनों घायलों को उनके रिश्तेदार उपचार कराने के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां से उपचार कराने के बाद घटना की रिपोर्ट थाने में की गई। पुलिस ने पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर तीनों आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया।

# सड़कों से आवारा गौवंश को गौशालाओं में किया जा रहा शिफ्ट




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले में सड़कों से आवारा गौवंश को गौशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत नगर पलिका टीकमगढ़ के क्षेत्र के गोवंश जो सड़कों पर बैठते हैं, उनको गौशाला तक व्यवस्थित पहुंचाने का कार्य आज नगर पालिका टीकमगढ़ के 13 प्रशिक्षित सदस्य दल एवं पशु पालन विभाग के 12 कर्मचारियों द्वारा राजेन्द्र पार्क मैदान में एकत्र कर के नगर पालिका के वाहन द्वारा मामौन गौशाला में 15 गौवंश को पहुंचाया गया। यह अभियान प्रतिदिन शहर में चलेगा। कोई भी गौवंश सड़क पर मिलेगा उसे गौशाला में भेजा जायेगा।

ग्रामीण क्षेत्र के अन्तर्गत सड़कों पर बैठे पशुओं को संबंधित ग्राम पंचायत ग्राम स्तरीय गौशाला बनाकर रखेगी, जिनको नियमानुसार शासन से राशि जारी की जायेगी। ग्रामों में भी मुनादी करायी जा रही है कि अपने पालतु पशुओं को बांधकर चरायें, आवारा सड़कों पर या फसलों को नुकसान के लिये न छोड़े। नगर पालिका द्वारा शहर में मुनादी की जा रही है कि पशु पालक अपने पशुओं को बांधकर रखें। अगर खुला पाया जायेगा तो उसको पकड़कर गौशाला दिया जायेगा। इस अभियान में स्वामी स्वरूपानंद एवं उपसंचालक पशु पालन डॉ. डी.के. विश्वकर्मा तथा पशु चिकित्सक डॉ. निधि यादव, नगर पालिका से राकेश एवं आनंद कुशवाहा, हरप्रसाद कुशवाहा, सुधीर जैन एवं अशोक सेन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिन्होंने गौवंश को गौशाला पहुंचाने में सहयोग किया व शहर के पशु पालकों को समझाया कि आपका पशु बहुमूल्य है, इसको बाधकर खिलाने से ज्यादा लाभ होगा तथा बीमारियां भी कम होगी और दुर्घटनायें नहीं होंगी।

# मांस मंडी हटवाने के लिए ग्रामीणों ने की मांग

**दिगौड़ा, देशबन्धु।।** ग्राम में मांस, मछली व मुर्गा की दुकानें रोड पर लगती है। जिससे जनता, ग्रामवासी व क्षेत्रवासी को रास्तों से निकलने में परेशानी होती है। प्रत्येक सोमवार की शाम को ग्राम पंचायत दिगौड़ा के बीज गोदाम वाले शासकीय आम रास्ते में सैकड़ों बकरों को बांधकर कुछ लोग बाजार लगाते हैं। रास्ते से बाइक को निकालने में परेशानी होती है। वहीं चार पहिया वाहन को निकालने के लिए बड़ी देर तक इंतजार करना पड़ता है।

मस्जिद, जैन मंदिर, देवीजी मंदिरों, गायत्री मंदिर जाने का यह ग्राम पंचायत का मुख्य व आम रास्ता है। जिस पर बीज गोदाम के पास निवास करने वाले कुछ लोगों द्वारा आसपास के गांवों से बकरों को टैक्सियों व लोडिंग वाहनों में भरकर लाया जाता है और रात को यहीं पर बड़े ट्राला में बकरों को भरकर बाहर ले जाया जाता है, तब तक इस आम रास्ते पर जाम जैसा लगा रहता है। इस मामले की कई बार ग्रामवासियों के द्वारा शिकायत करने के बाद भी प्रशासन द्वारा आज तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इसके अलावा झांसी हाइवे सड़क के किनारे दिगौड़ा के कब्रिस्तान के पास मुर्गा मांस मछली की दुकानें ग्राम पंचायत व बिना प्रशासन की अनुमति से मनमाने तरीके से लगाई जाती हैं। ग्राम पंचायत द्वारा बनवाए गए मीट हाट बाजार पर यह दुकानें नहीं लगाई जाती हैं। इन दुकानों के लगने से सड़क किनारे भारी गंदगी फैली रहती है, जिसकी बुरी बदबू से मुहल्ले वाले चौबीसों घंटे परेशान बने रहते हैं। हाइवे सड़क किनारे मांस, मछली की दुकानें संचालित होने से कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है। मंगलवार व शनिवार या किसी त्यौहार के दिन तो इन दुकानों की वजह से हाइवे सड़क पर कई बार जाम लग जाता है। मुहल्ले वासियों ने इसकी कई बार ग्राम पंचायत व स्थानीय प्रशासन से की गई है। लोगों द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की गई है, लेकिन अभी भी यह दुकानें उसी स्थान पर लग रही हैं। मुहल्ले वासियों, ग्रामवासियों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि बीज गोदाम से सोमवार की शाम को लगने वाली बकरों की मंडी को दूसरे किसी अन्य स्थान पर लगाया जाए और झांसी हाइवे सड़क किनारे लग रही मांस, मछली की दुकानों को वहां से हटाकर मीट हाट बाजार या और किसी स्थान पर लगाया जाए।



# पुलिस ने अवैध गांजा व जुआ खेलते 7 आरोपी किए गिरफ्तार



**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** थाना पुलिस ने अवैध गांजा और जुआ खेलने वालों पर कार्यवाही की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बुड़कीखेरा में आरोपी मुन्ना पिता रामप्रसाद रैकवार उम्र 55 साल के खेत से 4 नग बड़े एवं 20 नग छोटे गांजा के पेड़ जब्त किए। जिसका कुल वजन 4.160 किलो ग्राम कीमती 15 हजार रूपए जब्त कर आरोपी के खिलाफ कर आरोपी को न्यायालय भेजा। वहीं बल्देवगढ़ पुलिस को मुखविर की सूचना पर संतोष कुशवाहा के मकान के सामने बने चबूतरा जमुनिया टेक में अवैध जुआ खेलते हुए पाए गए। पुलिस ने 7 आरोपी से 8025रू. एवं 52 तास के पत्ते जप्त कर धारा 13 जुआ एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी अमित साहू, भगत, सुहागचन्द्र, लीलाधर, रज्जन, अब्बास, चन्द्रभान, नरेन्द्र, शिवेन्द्र, अशोक, कृष्णकुमार एवं एनआरएस दिनेश एवं सनी प्रजापति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# टीकमगढ़ की बेटी ने अटारी बार्डर पर बीएसएफ के जवानों की कलाई पर बांधी राखी



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** देशभर में राखी के त्यौहार पर भाई अपनी बहिनों से राखी बधवाकर उसकी रक्षा करने का प्रण ले रहे थे। वहीं टीकमगढ़ शहर की बेटी सीमा सिंह अटारी बार्डर पहुंची और उन्होंने बीएसएफ के जवानों की कलाई पर राखी बांधी। इस दौरान जवानों ने भी उन्हें धन्यवाद दिया। दरअसल मातृशक्ति संगठन की प्रमुख सीमासिंह संगठन से जुड़ी महिलाओं के साथ रक्षाबंधन के पवित्र त्यौहार पर अमृतसर अटारी बार्डर पहुंची थी। जहां बीएसएफ के अधिकारियों ने महिला पदाधिकारियों खुले मन से स्वागत कर स्ट्रीट सेरेमनी का शुभारंभ महिला ने तिरंगा लहराकर किया। बीएसएफ अधिकारी रहानुल इस्लाम सहित बार्डर पर तैनात जवानों ने महिलाओं सहित देश की हिफाजत करने की शपथ ली। इसी के साथ पठानकोट के सिम्बल गांव में स्थित शहीद कमलजीत सिंह पोस्ट पर भी महिला शक्ति संगठन की बहिनें पहुची और जहां शहीद कमलजीत की समाधि पर रक्षा सूत्र बांधा।

## 110 वर्षीय सूरज सिंह ने किया तिरंगा भेंट

इस गौरवशाली यात्रा की वापसी के अवसर पर 110 वर्षीय फौजी ठाकुर सूरज सिंह सलारिया ने तिरंगा भेंट कर संगठन का सम्मान किया। सैन्य अधिकारियों द्वारा संगठन को सुरक्षा के साथ-साथ सभी विशेष सुविधाएं दी गईं। जिसके लिए संगठन अध्यक्ष द्वारा सैन्य अधिकारी एवं जवानों को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया गया।

# विमुक्त जाति दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** विमुक्त जाति दिवस के अवसर पर विमुक्त घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ प्रीमैट्रिक बालक छात्रावास टीकमगढ़ में कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में बताया गया कि विमुक्त जाति दिवस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विमुक्त जाति को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है। विमुक्त जाति वर्ग शासन की योजनाओं का लाभ लेकर आगे बढ़े तथा संबंधित वर्ग को अधिकाधिक लाभ मुहैया कराना सरकार की प्राथमिकता है। विमुक्त जाति दिवस पर विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में संभागीय अध्यक्ष विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु महासंघ गुलाब सिंह पाल, जिला अध्यक्ष प्रकाश पाल, भागचन्द पाल, युवा जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह पाल, निरीक्षक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण सुश्री नीता राज, संबंधित अधिकारी, शासकीय एवं अशासकीय सदस्यगण, जिले के विमुक्त जाति समुदाय के लोग तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### बिजली संबंधी शिकायतों को दूर करने जन समस्या निवारण शिविर आज से

**दमोह देशबन्धु।** बिजली संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए दमोह जिला अंतर्गत 01 सितम्बर से 15 सितम्बर 2023 तक प्रात: 10:30 से दोपहर 02 बजे तक प्रत्येक वितरण केन्द्र के मुख्यालय स्तर पर मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा जन समस्या निवारण शिविर लगाकर उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता (संचा/संधा) वृत्त, म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. दमोह ने बताया बिजली संबंधित शिकायत जन समस्या निवारण शिविर की शुरुआत जिले में आज 01 सितम्बर से की जा रही है। उन्होंने बताया मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड दमोह वृत्त अंतर्गत प्रत्येक वितरण केन्द्र स्तर पर एवं उनके मुख्यालय स्तर पर शिकायतों का समाधान किया जायेगा। दमोह वृत्त अंतर्गत 21 वितरण केन्द्र है। जिनमें बनगांव, बटियागढ़, हटा (ग्रामीण), मडियादो, हटा (शहर), हिनौता, पटेरा, नरसिंहगढ़, पथरिया (शहर), पथरिया (ग्रामीण), बांदकपुर, दमोह (ग्रामीण), दमोह (शहर), बांसा, जबेरा, बनवार, हिण्डोरिया, नोहटा, तेजगढ, तेन्दूखेड़ा, तारादेही वितरण केन्द्र में आज 01 सितम्बर से 15 सितम्बर 2023 तक सुबह प्रात: 10:30 से दोपहर 02 बजे तक शिकायतों की सुनवाई होगी।

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त भ्रमण पर पहुंचे रनेह क्षेत्र

# विधानसभा चुनाव की तैयारी का लिया जायजा



**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी अपने संयुक्त भ्रमण अभियान के तहत रनेह क्षेत्र पहुंचकर आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारी का जायजा ले रहे थे। मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहे थे। इसके उपरांत कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सब डिवीजन क्षेत्र के खेजरा गॉव के लोग मानपुरा मार्ग पर खड़े थे। ग्रामीणों ने कलेक्टर को अपनी सड़क संबंधी समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीण जनों ने बताया कि खेजरा से देवरी गांव से मुख्य मार्ग तक पहुंच नहीं होने से बारिश के दिनों में कीचड़ और दलदल भारी रास्ते से होकर निकलना पड़ता है। कलेक्टर अग्रवाल ने ग्रामीण जनों की बात गंभीरता से सुनी, सड़क का जायजा लिया और जनपद पंचायत के अधिकारियों से चर्चा कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए ग्रामीणों ने बताया कि यहां पुलिया का निर्माण हुआ है किंतु वह पूरी नहीं बनी है। उन्होंने उपस्थित पंचायत के अधिकारी से कहा कि प्राक्कलन तैयार कर प्रस्तुत करें। उन्होंने एसडीएम रीता डहेरिया को भी इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई पारित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम रीता डहेरिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## हड़ताल पर बैठे पटवारियों से मिले विधायक अजय टंडन




**दमोह देशबन्धु।** गत कई दिनों से मप्र के समस्त पटवारी जिला कलेक्ट्रेड कार्यालय के सामने हड़ताल पर बैठे है। विधायक अजय टंडन ने हड़ताली पटवारियों से उनकी मांगों को लेकर चर्चा की पटवारी संघ ने अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा जिनमें वेतनमान से लेकर अन्य मांगों का विस्तार से बताया। पटवारियों की मांगों को उचित मानते हुए तत्संबंध में महामहिम राज्यपाल को पत्र लिखा है और उनकी मांगों को अतिशीघ्र निराकरण करवाने की मांग की है। मौके पर विधायक अजय टंडन ने कहा कि रक्षाबंधन जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर हड़ताली पटवारियों का अनशन करना चिंता का विषय है उनकी मांगों का अविलंब निराकरण होना चहिये। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन, शहर अध्यक्ष कोमल अहिरवार, नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विक्रम ठाकुर, अनिल जैन ने उपस्थित रहकर उनकी समस्याओं को जाना।

## गायत्री परिजनों ने मनाया श्रावणी पर्व



**दमोह/हटा देशबन्धु।** नगर के रामगोपाल जी वार्ड में गुरुवार को प्रात: सुनार नदी के तट सुरई घाट पर गायत्री परिवार के परिजनों ने 41 वां श्रावणी पर्व उल्लासमय वातावरण में मनाया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉक्टर सी.एल. नेमा ने हेमाद्रि संकल्प कराया । उन्होंने बताया कि श्रावणी पर्व के दिन ही ब्रह्मा जी ने एकोहम भविष्यामी की परिकल्पना की थी ।संसार की रचना के पश्चात एक से अनेक करने के लिए श्रावणी उपाकर्म की रचना की। मनुष्य में मनुष्यता का भाव पैदा करने एवं नए जीवन जीने के लिए श्रावणी पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। वेद मंत्रों के साथ विधि विधान से 10 दृव्यो भस्मी, गोबर , गोमूत्र, मिट्टी, दूध, दही, शहद, हल्दी, कुशा से पृथक-पृथक स्नान परिजनों ने किये। स्नान के दौरान सभी ने नए यज्ञोपवीत को धारण किया एवं अपने पितरों का तर्पण किया। शिव मंदिर में सभी की कलाई पर राखियां बांधी गई एवं दीप यज्ञ हुआ। इस अवसर पर रतनलाल अग्रवाल ,सुशील सेलट ,डॉक्टर गोपाल कुसमरिया, जयप्रकाश, नेमा, बालचंद पटेल, राजू दास दुबे ,ब्रज लाल पटेल ,गेंदालाल रजक ,एम.पी. बाथरे , सुरेश कडेरे, हरिशंकर ठेकेदार आदि परिजनों की उपस्थिति रही।

### मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर को एक समस्त मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा जिसमें जानकारी देते हुए नित्या प्यासी ने बताया पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग में संरक्षित स्मारक के रूप पंजीकृत फुटेरा तालाब के विनिमायक क्षेत्र व तालाब की ही शासकीय भूमि पर अवैध नाली का निर्माण किया जा रहा है, उक्त नाली अवैध कॉलोनी का गंदा पानी फुटेरा तालाब की नहर जिसका खसरा क्रमांक 1139 व 1137 में मिलाने के उद्देश्य से प्रशासन कि निर्माण संबंधित रोक के बाबजूद किया गया है, जिस स्थान पर ये अवैध नाली मिलाई जा रही है, वहां पर एक छोटे बच्चो का शासकीय स्कूल भी संचालित हो रहा है अगर इस संबंध अवैध नाली के निर्माण को नहीं रोका गया तो इस स्कूल में गंदगी से बच्चे बीमार होगें और गंदी नाली का पानी नहर में मिलने से साफ जल भी दूषित होगा। ज्ञापन देते हुए मांग की है कि आवश्यक जांच करवा कर इन अवैध कॉलानी बनाने वालों और नाली का निर्माण करने वालों पर कार्यवाही करने की मांग की।

## एसडीएम एवं तहसीलदार ने संवेदनशील मतदान केद्रों का किया निरीक्षण



**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल के निर्देशन में एसडीएम दमोह आरएल बागरी एवं तहसीलदार मोहित जैन एवं राजस्व निरीक्षक आशाराम पटेल द्वारा ग्राम पंचायत हृदयपुर एवं ग्राम पंचायत इमलाई में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया एवं मतदान केंद्र में उपस्थित बीएलओ से मतदाताओं के नाम दर्ज करने, हटाने एवं संशोधित करने वाले फॅार्म क्रमांक 6, 7, 8 की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर एसडीम बागरी ने ग्राम के मतदाताओं से संवेदनशील मतदान केंद्र के संबंध में चर्चा की एवं ग्राम के व्यक्तियों से मतदान केंद्र में मतदान के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही सभी को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के संबंध में प्रेरित किया। मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत मतदाता रथ की जानकारी भी प्राप्त की। इस दौरान एसडीएम बागरी ने मतदाता सूची में अधिक से अधिक लोगों के नाम जुड़वाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया एवं यह भी बताया गया की 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले सभी युवाओं के मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं। इस अवसर पर ग्राम हृदयपुर में अनिल कुमार पांडे पंचम लाल शिल्पी, बद्री प्रसाद रजक, मुकेश रैकवार, सुखराम विश्वकर्मा, लक्ष्मी सेन, योगेंद्र पटेल, राजा जोगी, मुरली रैकवार, लालचंद विश्वकर्मा, लीलाधर सेन एवं ग्राम इमलाई में शालक राम पटेल, काशीराम अहिरवार, भगवत प्रसाद पटेल, राजू पटेल, दीपक पटेल, धनीराम चंद्रभान, चंद्रशेखर पटेल आदि लोगों से ग्राम की जनसंख्या उनके मतदान के संदर्भ में चीजों की जानकारी प्राप्त की गई। एसडीएम श्री बागरी के साथ तहसीलदार मोहित जैन राजस्व निरीक्षक अभिषेक जैन, राजस्व निरीक्षक आशाराम एवं सभी बीएलओ उपस्थित रहे।

## तीसरे चरण में वरिष्ठ अधिवक्ताओं का पं मनु मिश्रा ने किया सम्मान



**दमोह देशबन्धु।** वरिष्ठ कांग्रेस जनों एवं समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सम्मानित जनों का सम्मान करने की कड़ी में प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री पं मनु मिश्रा ने जिला अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया। कचहरी में स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व शासकीय अधिवक्ता भगवती श्रीवास्तव, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष गजेंद्र चौबे, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुरेश मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल धगट का शाल, माला, श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विधि एवं मानव अधिकार के अध्यक्ष अनुनय श्रीवास्तव, नितिन मिश्रा, जहीर खान, मुख्तार जाफरी, भरत सेन एवं समस्त अधिवक्ता जन उपस्थित रहे।

## 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन के लिए हाइवे राइडर्स ग्रुप रवाना



**बैतूल, देशबन्धु।** शहर का हाइवे राइडर्स ग्रुप सोमनाथ दर्शन के लिए गुरुवार को बाइक से रवाना हुआ। ग्रुप के सदस्यों ने गुरुवार को बालाजीपुरम मंदिर से अपनी यात्रा शुरू की। इसग्रुप को नगर परिषद अध्यक्ष दुर्गावती वर्मा और बालाजीपुरम मंदिर प्रबंधन ने शुभकामना देकर किया रवाना।

हाइवे राइडर्स ग्रुप के सदस्य प्रांजल वर्मा, रानू वर्मा, गौरव भावसार, सुमित गुजरे और चक्रांस चरसे अपनी यात्रा शुरू करने के लिए बालाजीपुरम मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने पूजा अर्चना की। इस दौरान मंदिर प्रबंधन की ओर से बंटी वर्मा ने सभी सदस्यों को भगवा गमछा और प्रसाद भेंट किया तो नगर परिषद अध्यक्ष दुर्गावती वर्मा ने पुष्प गुच्छ देकर यात्रा के लिए शुभकामनाएं देकर ग्रुप को रवाना किया। हाइवे राइडर्स ग्रुप के सदस्य गौरव भावसार ने बताया की उनके ग्रुप में पांच सदस्य है और सभी ने संकल्प लिया है की सभी बारह ज्योतिर्लिंग के दर्शन समय समय पर बाइक से जाकर ही करेंगे ताकि अपने धर्म को बढ़ावा मिलेगा और लोग भी पवित्र सभी ज्योतिर्लिंग के दर्शन करेंगे और हम जितनी जगह भी जाएंगे अपने बैतूल जिले का नाम भी वहां पंहुचाएंगे। अभी तक ग्रुप ने दो ज्योतिर्लिंग दर्शन कर लिए है और अभी सोमनाथ और नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए रवाना हुए है चार सितंबर को सोमनाथ पहुंचेंगे।

## छोटी कटंगी में ग्रामवासी बिजली समस्या से जूझ रहे



**दमोह/नोहटा देशबन्धु।** जबेरा जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर सुजान सिंह के निरीक्षण के दौरान ग्राम वासियों ने सुनाई समस्या बताया कि गांव में फैली हुई लीडें जलकर खराब हो गई है ट्रांसफार्मर से लाइट इतना कम वोल्टेज आता है कि बल्ब भी सही से नहीं जल पाते हैं और पंखे तो बिल्कुल ही नहीं चल पाते जिससे आए दिन लोग बीमार पड़ रहे हैं कटंगी ग्राम के बंटू सिंह, टीकाराम रैकवार, हनुमत सिंह राजा सिंह लोधी, अर्जुन सिंह, मुन्ना विश्वकर्मा, ने बताया कि विद्युत विभाग नोहटा को इसकी जानकारी हम लोगों द्वारा कई बार दी जा चुकी है लेकिन कोई भी हमारे गांव की समस्या सुनने के लिए तैयार नहीं है । कटंगी के ग्रामवासियों ने कहा की गांव की लीडें एवं ट्रांसफार्मर को सुधारा नहीं जाता तो हम सभी जबेरा जनपद उपाध्यक्ष डॉ सुजान सिंह के साथ भगवती मानव कल्याण संगठन एवं समस्त ग्रामवासी विद्युत केंद्र नोहटा के सामने धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य हो जाएंगे।

## खंडहर भवन तोड़ने पार्षद ने एमडी को लिखा पत्र



**सारनी, देशबन्धु।** तिरुपति बालाजी वार्ड क्रमांक 12 में पावर जनरेटिंग कंपनी की पुरानी बिल्डिंग जानलेवा साबित हो रही है। पुरानी बिल्डिंग को तोड़ने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्षद इशरत बी ने कंपनी के एमडी मनजीत सिंह को पत्र लिखा है। वार्ड पार्षद ने बताया कि उनके वार्ड की जनसंख्या सात हजार के लगभग है और वार्ड के बच्चे इस खंडहर में आकर खेलते हैं ऐसी स्थिति में यह जानलेवा साबित होगा। उन्होंने यह भी अपने पत्र में लिखा है कि यदि पावर जनरेटिंग कंपनी के सिविल विभाग के माध्यम से इस खंडहर को गिराने में अक्षम है तो वह उन्हें इस भवन को गिराने की अनुमति प्रदान करें उनके माध्यम से नगर पालिका परिषद सारनी से इस भवन को गिराने का कार्य करवाया जाए। उन्होंने बताया कि यह खंडहर 40 से 45 साल पुराना है और इस भवन के गिरने की संभावना बनी हुई है। यदि इस बिल्डिंग के गिरने से वार्ड के किसी भी व्यक्ति की मौत होती है कंपनी जिम्मेदार होगी।

*त्रिरत्न बौद्ध विहार में हुआ कार्यक्रम*

## आदिवासी समाज के अधिकारियों को किया सम्मानित



**सारनी, देशबन्धु।** बेहतर शिक्षा और अच्छा माहौल मिले तो अजा अजजा के बच्चे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन और बेहतर पद पर रहकर समाज का नाम रोशन कर सकते हैं। यह बात त्रिरत्न बौध बिहार प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नारायण चौकीकर ने यहां आयोजित सम्मान समारोह में कही। उन्होंने कहा कि अजा अजजा समाज एक दूसरों का पूरक रहा है यही वजह है कि लगातार डॉ. भीमराव अंबेडकर के मार्गदर्शन और उनके लिखे गए संविधान के अनुरूप दोनों समाज के लोग शिक्षा में अग्रिम स्थान प्राप्त कर रहे हैं जिसकी वजह से वह महत्वपूर्ण पदों पर पदस्थ हो रहे हैं। श्रावण पूर्णिमा पर त्रिरत्न बौद्ध विहार समिति सारनी द्वारा घोड़ाडोगरी ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम में नवपदस्थ थाना प्रभारी अरविन्द कुमरे एवं घोड़ाडोंगरी चौकी प्रभारी,नरेंद्र उइके विधुत वितरण केंद्र के सहायक अभियंता प्रमोद वरकडे,सहायक अभियंता उत्पादन अनिल मर्सकोले,राहुल पंद्राम सहायक अभियंता का समिति के सदस्यों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ उपासक उपासिकाओं की उपस्थिति रही। सम्मान समारोह का आयोजन बौद्ध विहार प्रबंधन समिति सारनी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनोबा धोंगडे, अर्जुन नागले,भाउराव पाटिल, अशोक गजभिये,त्रिलोक लोखंडे, विठ्ठल ढोके पूर्व सचिव त्रिरत्न बौद्ध विहार सारनी, नारायण चौकीकर,दिनानाथ चौकीकर, सुनील सहारे, मुरारी सिंदूर,विजय धोंगडे, रवि राउत, किशोर चौकीकर, अरविंद मेश्राम,निर्माण डोंगरे, आदर्श चौकीकर, कुणाल ढोके,सुमेध ढोके, उपासिकाओं में सत्यकला मेश्राम, पार्वती आई चौकीकर, कांता मुझमुले,ललिता पाटिल, निलिमा मुझमुले, चंद्रकला गजभिये, सविता सिरसाठ,कंचना ढोके,पार्वती थोरात, सैवंती हिवराडे,ममता चौकीकर,संगीता चौकीकर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दिनानाथ चौकीकर ने किया एवं आभार प्रकट समिति के नारायण चौकीकर ने किया।

## पुलिसकर्मी के साथ शराबी ने की गाली गलोच



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के ताप्ती मंदिर के पास गुरुवार भुजलिया पर्व पर ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी के साथ एक शराबी युवक द्वारा गाली गलौज करने का वीडियो सामने आया है, जो कि नगर में जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा युवक कौन है इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। लेकिन वीडियो में वह पुलिसकर्मी को गाली देते हुए दिखाई दे रहा है। वह युवक शराब के नशे में धुत होकर ताप्ती मंदिर के आसपास पूजा करने आए भक्तों से गाली गलौज कर रहा था। जिसे ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी ने रोका तो उससे भी वह गाली गलौज करने लगा। इसके बाद उसे पुलिस थाने पहुंचाया गया।

## लाड़ली बहनों ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**मुलताई, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत जल खेड़ा में लाडली बहनों एवं मां अंबिका जस मंडल की महिलाओं द्वारा ग्राम पंचायत में आम जाम बेलपत्र जामुन आदि के पौधों का ओपन किया गया और इन पौधों को पालने का संकल्प भी लिया गया ग्राम सरपंच पदमा कैलास देशमुख के नेतृत्व में महिलाओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण किया सरपंच पदमा देशमुख ने बताया कि गांव को हरा भरा बनाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए महिलाओं को जागरुक कर अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत जगह-जगह पर आधार ओपन किया जा रहा है रक्षाबंधन के अवसर पर पौधारोपण कर पौधों को पालने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया इस अवसर पर पार्वती बाई, संगीता बाई, गीता बाई, माया बाई, अनिता बाई, दुलारी बाई आदि उपस्थित रही।

# सागर विधानसभा क्षेत्र का भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

**सागर, देशबन्धु।** विधायक शैलेन्द्र जैन गुरूवार को कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश उपस्थित हुये। विधायक शैलेन्द्र जैन ने संबोधित करते हुये सभी आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में सागर विधानसभा क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ताओ ने सिरकत कर इसे सफल बनाया है। उल्लेखनीय है कि हम प्रतिवर्ष एकात्म मानववाद के प्रवर्तक एवं पार्टी के पथ प्रदर्शक हमारे प्रेरणा स्त्रौत पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती को हम सभी भाजपा के कार्यकर्ता दिवस के रूप में मनाते है। इसी श्रृंखला में आज विधानसभा क्षेत्रांतर्गत इस वृहद कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। आज भाजपा राष्ट्रीय सहसंगठन महामंत्री शिवप्रकाश के मुख्य आतिथ्य में सागर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन संपन्न हुआ। भाजपा राष्ट्रीय सहसंगठन महामंत्री शिव प्रकाश से मार्गदर्शन प्राप्त कर हम सभी कार्यकर्ता गौरांवित हुए है व अपनी पूर्ण शक्ति के साथ आने वाले विधानसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ पर जन कल्याणकारी एवं जनसेवा को समर्पित भाजपा पार्टी की विजय प्राप्ति के लिए तैयार है। आज हम इस कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित कार्यकर्त्ताओं का



जन समूह देख रहे है वह सागर विधान सभा क्षेत्र के उन कर्मठ कार्यकर्त्ताओं को प्रदर्शित करता है जो निरन्तर पार्टी की सेवा में लगे रहते है और इस संख्या को देखकर हमारा मनोबल और ऊँचा हो गया है। जिन्होंने अपने खून और पसीने से पार्टी को सींचकर एक वट वृक्ष का रूप दिया है। जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने कहा कि भाजपा कार्यकर्त्ता आधारित पार्टी है जो कि अपने कार्यकर्त्ताओं को सर्वोपरि मानती है। वर्तमान में अनेको राजनैतिक दल है जो केवल व्यक्ति आधारित दल होकर रह गये है उनकी राजनैतिक व्यवस्था व्यक्ति विशेष के आस-पास सिमट कर रह गयी है परन्तु भाजपा एक मात्र ऐसा राजनैतिक दल है जिसमें एक आम कार्यकर्त्ता मण्डल स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर पहुँचकर पार्टी का नेतृत्व कर सकता हैं। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश कहा कि कार्यकर्ताओं के श्रम से ही पार्टी चलती है। भाजपा कार्यकर्ता देश के लिये समाज के लिये कार्य करते है इसलिये इन्हें देवतुल्य कार्यकर्ता कहा जाता है। उन्होंने कहा कि विधायक शैलेन्द्र जैन मेरे पुराने मित्र है, कोलकाता चुनाव के दौरान हमारी मुलाकात हुई थी, तभी से हमारी मित्रता है। मुझे बड़ी खुशी है आज इस कार्यकर्ता सम्मेलन में वृहद संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित हुये है, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्तियां भी शामिल है। उन्होंने रक्षा बंधन का महत्व बताते हुये कहा कि केवल बहिन ही भाई को राखी बांधकर सुरक्षा का संकल्प नहीं लेते बल्कि पंडित जी यजमान को राखी बांधते हैं। मित्र, मित्र को भी राखी बांधते हैं और समाज के दबे पिछड़े गरीब वर्ग ऐसे सब लोगों को भी एक दूसरे को राखी बांधकर संपूर्ण समाज की रक्षा का संकल्प लेते हैं। आज यहां उपस्थित सभी कार्यकर्ता भाजपा और देश की सुरक्षा का संकल्प भी ले। हमारे मन के अंदर गौरव का भाव होना चाहिए कि हम भाजपा के कार्यकर्ता है। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष श्याम तिवारी ने किया एवं आभार रामकुमार साहू ने व्यक्त किया।

## भाजपा राष्ट्रीय सहसंगठन महामंत्री का महापौर ने बुंदेली परंपरा से किया स्वागत



**सागर, देशबन्धु।** एक दिवसीय प्रवास पर भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश सागर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेने सागर पधारे, जिनके नगर आगमन पर महापौर संगीता तिवारी एवं महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी के नेतृत्व में नगर निगम के पार्षदों, भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा लहदरा नाका के आगे भोपाल रोड पर बुंदेली परंपरा के अनुसार गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान महापौर संगीता तिवारी ने पुष्प गुच्छ और शाल श्रीफल भेंटकर उन्हें महिला पार्षदों और कार्यकर्ताओं के साथ राखी बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी ने शिवप्रकाश का पुष्पहार पहनाकर स्वागत करते हुए उन्हें पार्टी का दुपट्टा भेंट किया। स्वागत अवसर बड़ी संख्या में उपस्थित पार्षदों, पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा भी फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बालाजी मंदिर के गुबंद से 11 किलों वजनी पीतल का कलश चोरी

**शाहगढ़, देशबन्धु।** नेगुवां गांव स्थित बालाजी मंदिर की गुबंद से 11 किलो वजनी पीतल के कलश सहित 60 किलो पीतल के घंटे और हनुमान जी, शंकर जी के मुकुट, हार, आंखे, दान पेटी से छह हजार नगदी की चोरी होने का बीती रात चोरों ने दो ताले तोड़कर चोरी का अंजाम दिया। मंदिर समिति के चंद्र कुमार दुबे और मनीराम शुक्ला ने बताया कि मंदिर में तीसरी मर्तबा हुई चोरी की इस वारदात की लिखित शिकायत आवेदन देकर शाहगढ़ थाने में की है, पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर संदिग्ध लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है, मंदिर समिति ने बताया कि मंदिर का गुबंद करीब 30 फीट ऊंचा है जहां पर कलश था चोरों ने पास ही रखी सीढ़ी का सहारा लेकर कलश को नीचे उतारा, मंगलवार बुधवार की दरमियानी रात मंदिर में कोई नहीं था, जब सुबह दर्शनार्थी मंदिर पहुंचे तब कलश घंटा आदि की चोरी होने का पता चला समिति सदस्यों ने बताया कि चोर गर्भगृह में घुसकर हनुमान जी और शंकर जी के सिर का मुकुट, हार, आंखे तक कर निकाल ले गए मंदिर में चोरी का यह तीसरा मामला है लेकिन किसी भी चोरी का अभी तक सुराग नहीं लगा।

## मतदाताओं की सुविधा के लिए राज्य स्तरीय कॉल सेंटर किया स्थापित

**सागर, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश ने मतदाताओं की सुविधा के लिए राज्य स्तरीय कॉल सेंटर स्थापित किया गया है, जिसका टोल फ्री नंबर 180023301950 है। किसी भी प्रकार जानकारी, सहायता एवं शिकायत के लिए मतदाता कार्यालयीन समय पर टोल फ्री नंबर पर कॉल कर सकते हैं। यह पूरी तरह से नि:शुल्क है। टोल फ्री नंबर के माध्यम से मतदाताओं की समस्या का त्वरित निदान किया जाएगा। राज्य स्तरीय टोल फ्री नंबर के साथ ही प्रदेश के सभी 52 जिलों में 1950 के कॉल सेंटर स्थापित किए गए हैं। मतदाता 1950 पर कॉल कर निर्वाचन से जुड़ी कोई भी जानकारी, शिकायत जिले में ही दर्ज करा सकते हैं। जिला स्तर पर ही उनकी समस्या का समाधान हो जाएगा। एक जिले से यदि कोई मतदाता दूसरे जिले के कॉल सेंटर पर फोन करते हैं तो उन्हें 1950 के आगे संबंधित जिले का एसटीडी कोड लगाना होगा। जिले में स्थापित किए गए कॉल सेंटरों की मुख्यालय स्तर से निगरानी भी की जा रही है।

## पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के आनलाईन पंजीयन

**सागर, देशबन्धु।** पूर्व सैनिकों, सैनिक विधवाओं, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों की शिकायतों ध्समस्याओं के निराकरण के लिए आर्मी वेटनर्स सेल द्वारा वीरांगना सेवा केन्द्र वेव पोर्टल जनवरी 2023 में चालू किया गया है। उक्त पोर्टल पर आरटेलरी रिकार्ड द्वारा उनके पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों का आनलाइन पंजीयन किया जा रहा है। विस्तृत जानकारी के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

## मतदाता सूची संबंधी दावे आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि बढ़ी

**सागर, देशबन्धु।** प्रदेश में मतदाता सूची संबंधी दावे आपत्तियां दाखिल कराने की अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित की गई थी, बढ़ाकर अब 11 सितम्बर 2023 नियत किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती भव्या त्रिपाठी ने बताया कि अब दावे आपत्तियों का निराकरण 28 सितम्बर तक किया जाएगा।

## मामूली विवाद में युवक काट डाला गला प्राणघातक हमले का आरोपी गिरफ्तार





**गौरझामर, देशबन्धु।** रक्षाबंधन का त्यौहार उस वक्त फीका पड़ गया जब शाला मोहल्ला गौरझामर निवासी अनिल लोधी पर मामूली विवाद में राहुल सेन ने उस्तरा से प्राणघातक हमला कर दिया जिसमे फरियादी के गले में गंभीर चोट आई जिसे पुलिस की मदद से स्वास्थ केंद्र देवरी भेजा गया जहा गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने सागर रेफर किया जहां जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है, थाना प्रभारी गौरझामर बृजमोहन कुशवाह ने बताया पुलिस अधीक्षक सागर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी के मार्गदर्शन में पुलिस टीमों को सक्रिय कर घेराबंदी कर आरोपी को जंगल से गिरफ्तार कर लिया है और धारा 307 के तहत मुकदमा दर्ज कर हमले में प्रयुक्त हथियार जप्त किया है। आरोपी को गिरफ्तार करने में एएसआई चंद्रभान पांडे, अनिल कन्नौजिया, अशोक चौहान, माखन भटेरिया, सुधीर रिछारिया, आशीष, लक्ष्मी यादव, नरसिंग, दीपेश की सक्रिय भूमिका रही।

## नौरादेही चीतों की पुनर्स्थापना के लिये उपयुक्त, केन्द्रीय एजेंसी ने दी सहमति

**सागर, देशबन्धु।** रहली तहसील स्थित नौरादेही वन्य जीव अभ्यारण्य को राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और भारतीय वन्य जीव संस्थान द्वारा अपने वैज्ञानिक अध्ययन के बाद भविष्य में चीतों के लिये उपयुक्त क्षेत्र माना है। इस संबंध में केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन और श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेन्द्र यादव ने लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव को पत्र लिख कर अवगत कराया है। श्री यादव ने बताया है कि भविष्य में चीता एक्शन प्लान के तहत चीता का प्रमोचन भविष्य में नौरादेही वन्य जीव अभ्यारण्य में किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के विधायक मंत्री गोपाल भार्गव ने गत 23 जून को केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव को मप्र में रहली क्षेत्र के नौरादेही अभ्यारण्य तथा वीरांगना दुर्गावती अभ्यारण्य को संयुक्त रूप से टाइगर रिजर्व क्षेत्र का दर्जा दिये जाने पर भारत सरकार का आभार व्यक्त किया था। साथ ही नौरादेही अभ्यारण्य को चीता पुनर्स्थापना के लिये चयनित किये जाने का अनुरोध किया था। इस पर केन्द्रीय एजेंसियों द्वारा नौरादेही अभ्यारण्य का अध्ययन कर सहमति प्रदान की गई है।

## लोक कलाओं का संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी : रचना तिवारी



**सागर, देशबन्धु।** स्थानीय सांस्कृतिक संस्था लोक कला निकेतन सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली के सहयोग से लोक संगीत पर आयोजित दस दिवसीय कार्यशाला का समापन गोपालगंज में किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए लोक कलाकार रचना तिवारी ने कहा कि लोक कलायें हमारी धरोहर हैं, इनका संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। नि:शुल्क आयोजित इस कार्यशाला में बच्चों ने बुंदेली लोकगीतों और लोकधुनों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये। ज्ञात हो कि लोक कला निकेतन द्वारा इस तरह के कार्यक्रम प्रति वर्ष आयोजित किये जाते हैं। संस्था इस साल अपना रजत जयंती वर्ष मना रही है। पच्चीस साल पहले स्थापित लोक कला निकेतन के अध्यक्ष डॉ. अतुल श्रीवास्तव ने सभी कलाकारों का आभार व्यक्त किया और इस तरह की कार्य शालाओं को समाज के लिए आवश्यक बताया। इस अवसर पर अनिल श्रीवास्तव, समिता सक्सेना, मान्या बिदुआ, आशीष, राहुल, सुहानी श्रीवास्तव, मानसी, आरुषि, आकर्ष, माही, देवांश बोरासी आदि कलाकार उपस्थित रहे।

**लोकसंगीत पर कार्यशाला का आयोजन**

## झमाझम बारिश, उमस से मिली राहत

**सागर, देशबन्धु।** बारिश के मौसम में मौसम के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। कहीं धूप-छांव तो कहीं बारिश हो रही है। गुरुवार को सागर में अचानक मौसम ने करवट बदली और झमाझम बारिश हुई। बारिश से सड़कों पर पानी बह निकला। एक घंटे में 33 मिमी बारिश दर्ज की गई। सुबह से आसमान साफ रहा। तेज धूप के साथ वातावरण में गर्मी रही। बादलों के बीच उमस से लोग परेशान रहे। लेकिन शाम को मौसम बदला और झमाझम बारिश से शहर तरबतर हो गया। बारिश होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली। इस दौरान सागर का अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री और न्यूनतम पारा 22.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भू अभिलेख कार्यालय के अनुसार जिले में 1 जून से अब तक 782.2 मिमी औसत बारिश हो चुकी है।

## राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत माली प्रशिक्षण केन्द्र का छटवां सत्र संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** माली प्रशिक्षण शासकीय उद्यान कड़ता में 200 घंटे का नि: शुल्क आवासीय माली प्रशिक्षण दिया जा रहा था। विगत दिवस कड़ता में छटवें सत्र का समापन हुआ। इसमें बेरोजगार युवकों एवं युवतियों को ग्राफ्टिंग बडिंग, कटिंग, गूटी, लॉन लगाना, गुलाब लगाना तथा बगीचे के रखरखाव फल परिक्षण मशरूम पालन संबंधी प्रशिक्षण दिया गया है।

प्रशिक्षण उपरांत बेरोजगार युवक अपने स्वयं का रोजगार उत्पन्न कर लेंगे 200 घंटे का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रत्येक युवक को बडिंग नाइफ ग्राफ्टिंग नाइफ, पौधे काटने की कैंची साथ ही उद्यान विज्ञान की पुस्तकें, टोपी एवं टी शर्ट, बैग भी दिया गया। प्रशिक्षण पूरा करने पर उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया जाता है। उक्त प्रमाण पत्र उद्यानिकी मंत्री भारत सिंह कुशवाहा द्वारा 2 सितंबर को ग्वालियर किसान मेले में वितरित किए जाएंगे। जिससे कि वह अपने रोजगार में कहीं पर भी जाकर अपनी नौकरी के लिए आवेदन कर सकते हैं एवं नगर निगम नगर निकायों नगर पालिकाओं में उद्यान तथा प्राइवेट रूप से घरों में बगीचा शाक वाटिका सब्जी की वाटिका तैयार करने में इनको रोजगार प्राप्त हो सकता है। कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि बीएल मालवीय, उपसंचालक उद्यान महेन्द्र मोहन भट्ट, वरिष्ठ उद्यान अधिकारी आरडी चौबे, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी अश्विनी मोंडे, अमृता बड़कुल, एसके निरंजन एवं प्रशिक्षण प्रभारी लोकेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

## महापुरुषों की कथाओं से साहस बढ़ता है : मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** आकुलता रहित होकर हमें तत्व अभ्यास करना चाहिए, जैसे अस्पताल जाने से बहुतों को स्वास्थ्य लाभ, विद्यालय जाकर अध्ययन से ज्ञान की प्राप्ति, ठीक इसी प्रकार चारो अनुयोगों एवं जिनवाणी के द्वारा जो तत्व अभ्यास करता है उसे सम्यक दर्शन प्राप्त होता है यह बात मुनि श्री सुदत्तसागर ने श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, मुनि श्री ने कहा प्रथमानुयोग महापुरुषों की कथाओं से साहस बढ़ता है, करणानुयोग परिणामो को संभालना सिखलाता है। चरणानुयोग आलस्य को हटाकर धर्म मार्ग पर चलना सिखाता है और द्रव्यानुयोग स्व एवं पर की पहचान करवाता है। जैसे बरसात के मौसम में धरती पर सहज ही घास अंकुरित पल्लवित होती है इसी प्रकार भादों के महीने में सहज ही व्यक्ति के मन में त्याग, तप, पूजन, दर्शन, अभिषेक, जप, स्वाध्याय, धर्म ध्यान की भावना उत्पन्न होती है। क्षुल्लक श्री चंद्र दत्त सागर ने कहा जिस प्रकार मनुष्यों में राजा श्रेष्ठ होता है वैसे ही सभी महीना में भादो का महीना सर्वश्रेष्ठ है। भादो का महीना व्रत की खान है। इसमें 30 दिनों में 32 व्रतो का आगमन होता है, इसमें सोलह कारण, श्रुत स्कंध, जिन मुखावलोकन, मेघमाला यह चार व्रत पूरे महीने चलते हैं और दसलक्षण, चंदन छठ, रत्नत्रय, निर्दोष सप्तमी, अनंत चतुर्दशी, रोहिणी व्रत तीस चौषीसी निशल्य अष्टमी, दुग्ध रशि धनद कलश, त्रिलोक तीज आदि व्रत संपन्न किए जाते हैं।

## चाचा-भतीजे ने लकड़बग्घे से किया संघर्ष



**बीना, देशबन्धु।** बंदवठा गांव में बछड़े पर लकड़बग्घे ने हमला कर दिया, उसे बचाने के दौरान चाचा और भतीजा घायल हो गए। करीब एक घंटे तक संघर्ष करने के बाद चाचा ने अपनी और अपने भतीजे की जान बचाई और लकड़बग्घे को मार डाला। दोनों घायलों को खुरई सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के मुताबिक, बंदवठा गांव में गाय के बछड़े पर लकड़बग्घे ने हमला कर दिया। बछड़े का शोर सुनकर नर्बदा प्रसाद पिता परमानंद अहिरवार 21 आया और बछड़े को बचाने का प्रयास करने लगा, लेकिन लकड़बग्घे ने उस पर ही हमला बोल दिया। इस घटना को देखने के बाद युवक के चाचा हरगोविंद पिता थानसिंह अहिरवार 40 ने अपने भतीजे को बचाने का प्रयास किया। लकड़बग्घे ने उस पर भी हमला कर दिया। इस दौरान चाचा और भतीजा दोनों घायल हो गए। घटना की जानकारी के बाद 108 एंबुलेंस के डॉ. वीरसिंह और पायलट रविकांत मौके पर पहुंचे और घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। खुरई सिविल अस्पताल में घायल अवस्था में पहुंचे हरगोविंद अहिरवार ने बताया कि लकड़बग्घे ने पहले घर के बाहर बंधे बछड़े पर हमला कर दिया। जिससे बछड़ा घायल हो गया। बछड़े का शोर सुनकर भतीजा आया तो भतीजे पर ही लकड़बग्घे ने हमला बोल दिया। उसे बचाने का प्रयास किया तो लकड़बग्घे ने उसके ऊपर ही हमला कर दिया। करीब एक घंटे तक अपनी जान बचाने के लिए लकड़बग्घे ने संघर्ष किया। काफी लोग आ गए और सभी लोगों के सहयोग से लकड़बग्घे को मार दिया, तब कहीं उसकी जान बच पाई। लकड़बग्घे ने उसके पैर और हाथ पर कई वार कर दिए। सिविल अस्पताल में दोनों का इलाज किया जा रहा है।

## आत्मनिर्भर भारत के लिए गांवों तक पहुंचाने होंगे कौशल विकास कार्यक्रम : कुलपति



**सागर, देशबन्धु।** आत्मनिर्भर भारत के लिए ग्रामीणों तक कौशल विकास के कार्यक्रमों को पहुंचाना होगा। जिससे उनका हुनर सामने आएगा। आत्मनिर्भरता से ही भारत का विकास होगा। देश की युवा शक्ति भारत की ताकत है। हम आज विश्व गुरु बनने की तरफअग्रसर हैं। हमारा लक्ष्य 2025 तक युवाओं को हुनरमंद बनाना है। जरूरत है कि हमें युवा मन की हीन भावना हो दूर करें। इसके लिए एक ईको सिस्टम बनाते हुए हमें आगे बढ़ना होगा। उक्त विचार डॉ. हरीसिंह गौर विवि की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विवि प्रयागराज में प्रशिक्षण एवं सेवा स्थापना प्रकोष्ठ के तत्वावधान में कौशल आधारित शिक्षा एवं आत्मनिर्भर भारत विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुक्त विश्वि की कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने विश्वविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे कौशल आधारित शिक्षा के बारे में चर्चा करते हुए इसे समाज के लिए बहुत उपयोगी बताया। संगोष्ठी की रूपरेखा प्रशिक्षण एवं सेवा योजन प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. डीपी सिंह ने प्रस्तुत की। स्वागत भाषण सह प्रभारी प्रो. जेपी यादव ने दिया। संचालन डॉ. संजय कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन कर्नल विनय कुमार ने किया।

## तिरपाल से ढककर सागोन की लकड़ी की तस्करी करते हुए पिकअप वाहन पकड़ा

### देवरी वन परिक्षेत्र की कार्रवाई, पिकअप होगा राजसात



**देवरीकलां, देशबन्धु।** वन विभाग की दो टीमों ने सागौन की लकड़ी से भरी एक पिकअप को घेराबंदी करते हुए पकड़ा है ।जिसमें 20 नग सागोन के लट्ठे बरामद किए गए हैं, साथ में एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। जप्त पिकअप वाहन पर राजसात की कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। दक्षिण वन मंडल देवरी के वन परिक्षेत्र अधिकारी राघवेंद्र भदोरिया ने बताया कि कुछ दिनों पहले से मुखबिर से सूचना मिलने के बाद वन विभाग की दो टीम गठित की गई और बुधवार की रात्रि 10 बजे घेराबंदी करके एक पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 04ए8669 को रामघाट के पास रोककर तलाश की गई तो उसमें तिरपाल से ढके हुए 20 नग सगोंन की लकड़ी के लट्ठे बरामद किए गए। जो 0.722 घन मीटर सागोन की लकड़ी पाई गई, जिसकी सरकारी कीमत 30000 रूपए आकी गई है। जिसमें प्रकरण कायम किया गया है एवं आरोपी पिकअप वाहन का चालक नीलेश पटेल निवासी बाघराज वार्ड सागर पाया गया है जिससे पूछताछ की जा रही है। एवं जप्त पिकअप के राजसात की कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। उन्होंने बताया कि सागोन की लकड़ी की कटाई किस वन इलाके में हुई है इसकी जांच की जा रही है लेकिन आरोपी से पूछताछ में यह पता चला है कि ग्राम निवारी कला से सागोन की लकड़ी भरकर पिकअप रसेना सहजपुर रोड होते हुए रामघाट चौराहे पर पहुंची थी। देवरी में किसके यहां सागोन की लकड़ी पहुंचाई जाना थी इस बात का उन्होंने अभी खुलासा नहीं किया है।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।